दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471
# अमन लेखनी




अल्फा का नया पोस्टर हुआ जारी, आलिया



सशस्त्र बलों के प्रति जताया आभार

वर्ष : 12 | अंक : 170 | लखनऊ, 14 जून, रविवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

## खबर संक्षेप

### भारतीय मूल के शख्स को मिली लंदन में सजा

**लंदन।** ब्रिटेन की अदालत ने भारतीय मूल के गगनदीप सिंह को महिला के अपहरण, टॉर्चर और रेप मामले में 34 साल की सजा सुनाई है। कोर्ट में बताया गया कि आरोपी ने 24 वर्षीय महिला को लंदन के एक घर में बंधक बनाकर घंटों तक प्रताड़ित किया। पीड़िता को पीटा गया, जलाया गया और उसके साथ दुष्कर्म किया गया। महिला शुरुआत में पुलिस के पास जाने से डर रही थी, लेकिन उसकी मां ने सबूत संभालकर रखे और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस जांच के बाद गगनदीप सिंह को गिरफ्तार किया गया।



### खैबर पख्तूनख्वा में 72 घंटे में 21 आतंकवादी ढेर

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सुरक्षा बलों ने आतंकवाद के खिलाफ बड़ा अभियान चलाते हुए पिछले 72 घंटों में 21 आतंकवादियों को मार गिराने का दावा किया है। मीडिया को मिली जानकारी के शनिवार को जारी बयान में कहा गया कि यह कार्रवाई खुफिया सूचनाओं के आधार पर उत्तरी वजीरिस्तान जिले में की गई। मारे गए आतंकवादियों में चार प्रमुख कमांडर भी शामिल हैं, जो सुरक्षा बलों पर हमलों और आम नागरिकों की हत्याओं समेत कई गंभीर वारदातों में वांछित थे।



### खामेनेई के अंतिम संस्कार का ऐलान

**तेहरान।** करीब चार महीने से पहले अमेरिका-इजराइल के हमलें में जान गंवा चुके ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई के अंतिम संस्कार कार्यक्रम की घोषणा की गई है। जानकारी मिली है कि ये कार्यक्रम 6 दिन तक चलेगा। यह कार्यक्रम 4 जुलाई से शुरू होकर 9 जुलाई को मशहद शहर में उनके दफन के साथ खत्म होगा। मीडिया को मिली जानकारी के अनुसार 4 से 9 जुलाई के बीच विदाई समारोह, अंतिम संस्कार और दफन से जुड़े सभी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।



### दीक्षांत परेड के आयोजन में बोले रक्षामंत्री

# एनडीए की पहली महिला बैच समेत 231 कैडेट भारतीय वायु सेना में शामिल हुए

**मानवता की सेवा में भी अग्रणी रही है वायु सेना**

राजकुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख/ नई दिल्ली,

हैदराबाद के डुंडीगल स्थित वायु सेना अकादमी एएफए में 217वें कोर्स की संयुक्त दीक्षांत परेड का आयोजन किया गया, जहां राष्ट्रीय रक्षा अकादमी एनडीए में प्रवेश लेने वाली महिलाओं के पहले बैच सहित कुल 231 फ्लाइट कैडेटों (194 पुरुष और 37 महिलाएं) को भारतीय वायु सेना में अधिकारी के रूप में कमीशन प्रदान किया गया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने परेड की समीक्षा की और स्नातक कैडेटों को 'राष्ट्रपति कमीशन' प्रदान किया, जो फ्लाइंग और ग्राउंड ड्यूटी शाखाओं के पूर्व-कमीशनिंग प्रशिक्षण की सफलता का प्रतीक है।

**राष्ट्र सेवा की नई यात्रा की शुरुआत**



रक्षामंत्री राजनाथ सिंह

### नौसेना, तटरक्षक बल और वियतनामी अधिकारियों को सम्मानित किया गया

इस अवसर पर भारतीय नौसेना के नौ अधिकारियों, भारतीय तटरक्षक बल के तीन अधिकारियों तथा वियतनाम के दो अधिकारियों को 'विंग्स' प्रदान किए गए। वहीं, नौवहन प्रशिक्षण पूरा करने वाले तीन अधिकारियों को 'ब्रेवेट' से सम्मानित किया गया।

**भारतीय वायु सेना राष्ट्र की ढाल और तलवार दोनों**

स्नातक कैडेटों को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि वे ऐसी सेवा का हिस्सा बनने जा रहे हैं जिसने हमेशा राष्ट्र के लिए ढाल और तलवार दोनों की भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि 1947-48 के कश्मीर युद्ध में श्रीनगर एयरलिफ्ट और 1971 के युद्ध में निर्णायक हवाई अभियानों ने इतिहास रचा। उन्होंने कहा कि 2025 के ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय वायु सेना ने अदम्य साहस और सटीकता का परिचय देते हुए आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया।

**भविष्य की तकनीक और रणनीतियों को अपनाने पर जोर**

*रक्षा मंत्री ने कहा कि भविष्य के युद्ध केवल पारंपरिक हथियारों से नहीं लड़े जाएंगे, बल्कि तकनीक, नवाचार और रणनीतिक कौशल निर्णायक भूमिका निभाएंगे। उन्होंने अधिकारियों से भविष्य की युद्ध प्रणालियों और तकनीकों को समझने, अपनाने और आवश्यकता पड़ने पर उनमें बदलाव करने की क्षमता विकसित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि छोटी शक्तियां भी आधुनिक तकनीक और घातक हथियारों के जरिए बड़ी सैन्य ताकतों को चुनौती देने में सक्षम हो रही हैं।*

**महिला अधिकारियों की बढ़ती भागीदारी पर जताई खुशी**

*रक्षा मंत्री ने महिला अधिकारियों को विशेष बधाई देते हुए कहा कि नारी शक्ति की बढ़ती भागीदारी भारतीय वायु सेना को और अधिक मजबूत तथा संतुलित बनाएगी। उन्होंने इसे सशक्त और समावेशी सशस्त्र बलों की पहचान बताया। साथ ही वियतनामी कैडेटों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनका प्रशिक्षण भारत और वियतनाम के बीच मित्रता को और मजबूत करेगा।*

**उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों को मिला सम्मान**

*प्रशिक्षण के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों को रक्षा मंत्री ने सम्मानित किया। पायलट कोर्स में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले फ्लाइंग ऑफिसर आशीष कुमार यादव को 'राष्ट्रपति पट्टिका' और 'नवानगर सम्मान तलवार' प्रदान की गई। नौवहन क्षेत्र में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली फ्लाइंग ऑफिसर एकता गुप्ता तथा ग्राउंड ड्यूटी शाखा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली फ्लाइंग ऑफिसर दिव्यांशी सिंह को 'राष्ट्रपति पट्टिका' से सम्मानित किया गया।*

### देहरादून में राष्ट्रपति ने पासिंग आउट परेड का निरीक्षण किया

# एनडीए के पहले महिला बैच की कैडेट्स अधिकारी के रूप में पासआउट हुईं

*सुखोई 30 एमकेआई, सारंग हेलीकॉप्टर प्रदर्शन टीम और सूर्यकिरण एरोबेटिक टीम के शानदार प्रदर्शन ने दर्शकों का मन मोह लिया*



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को देहरादून स्थित भारतीय सैन्य अकादमी में 158वें रेगुलर कोर्स और 141वें टेक्निकल ग्रेजुएट कोर्स की पासिंग आउट परेड का निरीक्षण किया। यह अवसर भारतीय सेना और देश की महिलाओं के लिए ऐतिहासिक माना जा रहा है, क्योंकि राष्ट्रीय रक्षा अकादमी एनडीए के पहले महिला बैच की कैडेट्स अधिकारी के रूप में पासआउट हुई हैं।

**भव्य फ्लाइपास्ट और एरोबेटिक प्रदर्शन रहे आकर्षण का केंद्र**

परेड के दौरान वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह के नेतृत्व में फ्लाईपास्ट का आयोजन किया गया। इसमें पिलाटस पीसी-7 एमके II, हॉक, किरण और चेतक जैसे प्रशिक्षण विमानों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में आकाश गंगा टीम, महिला वायु योद्धा ड्रिल टीम शक्ति, सु-30 एमकेआई, सारंग हेलीकॉप्टर प्रदर्शन टीम और सूर्यकिरण एरोबेटिक टीम के शानदार प्रदर्शन ने दर्शकों का मन मोह लिया।

**एनडीए की पहली महिला बैच ने रचा इतिहास**

आईएमए की पासिंग आउट परेड में एनडीए की पहली महिला बैच की 9 महिला कैडेट भारतीय थलसेना में अधिकारी के रूप में शामिल हुईं। यह उपलब्धि भारतीय सशस्त्र बलों में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी और सशक्तिकरण का महत्वपूर्ण प्रतीक है।

**सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद खुला था रास्ता**

*इससे पहले एनडीए में महिलाओं के प्रवेश की अनुमति नहीं थी। जून 2022 में सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक फैसले के बाद महिलाओं के लिए एनडीए के द्वार खुले थे। इस निर्णय ने सशस्त्र बलों में महिलाओं की भूमिका को नई दिशा प्रदान की और आज उसका ऐतिहासिक परिणाम देखने को मिला।*

**आईएमए से 515 कैडेट हुए पासआउट**

*इस वर्ष आईएमए से कुल 515 कैडेट पासआउट हुए, जिनमें 16 देशों के 34 विदेशी कैडेट भी शामिल हैं। पासआउट होने वाले कैडेट्स में एनडीए की पहली महिला बैच की 9 कैडेट भी शामिल रहीं, जिन्होंने कठिन प्रशिक्षण पूरा कर भारतीय सेना में अधिकारी के रूप में कदम रखा।*

**वायुसेना में भी शामिल हुईं पहली महिला एनडीए कैडेट्स**

*भारतीय वायुसेना अकादमी में आयोजित कंबाइंड ग्रेजुएशन परेड के दौरान भारतीय वायुसेना के 217वें कोर्स के तहत 231 फ्लाइट कैडेट्स ने प्री-कमीशनिंग प्रशिक्षण पूरा किया। इनमें 194 पुरुष और 37 महिला कैडेट शामिल थीं। इन 37 महिला कैडेट्स में से 5 एनडीए की पहली महिला बैच की थीं, जिन्हें भारतीय वायुसेना में कमीशन प्राप्त हुआ।*

**सुखोई, सारंग और सूर्यकिरण टीम ने किया रोमांचक प्रदर्शन**

*कंबाइंड ग्रेजुएशन परेड का समापन भव्य एयर शो के साथ हुआ। भारतीय वायुसेना के सुखोई लड़ाकू विमान, सारंग हेलीकॉप्टर डिस्प्ले टीम और सूर्यकिरण एरोबेटिक टीम के शानदार प्रदर्शन समारोह के प्रमुख आकर्षण रहे।*

### भूस्खलन से यात्री हुए परेशान

## पुंछ में भारी बारिश के बाद भूस्खलन एनएच-144 पर फंसे 200 से ज्यादा वाहन

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

जिले में पिछले कुछ घंटों से हो रही मूसलाधार बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। भारी बारिश के चलते पुंछ को जोड़ने वाले एनएच-144 लसाना के पास पर अचानक भारी भूस्खलन हो गया, जिससे मार्ग पूरी तरह से अवरुद्ध हो गया। सड़क बंद होने के कारण हाईवे के दोनों ओर 200 से अधिक छोटे-बड़े वाहन फंस गए। अचानक आए इस भूस्खलन से यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। हाईवे पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और



कई लोग घंटों तक सड़क पर ही फंसे रहे। घटना की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन और सीमा सड़क संगठन की टीमें तुरंत सक्रिय हो गईं। भारी बारिश के बीच भी जवानों ने बिना देरी किए सड़क से मलबा हटाने का काम शुरू कर दिया। प्रशासन ने इस पूरे ऑपरेशन को युद्धस्तर पर अंजाम दिया।

### नेटवर्क ने 9 हजार से अधिक नकली वेबसाइट्स बनाई थीं

## एआई से बनाईं हजारों फर्जी वेबसाइट्स चीनी गिरोह के खिलाफ कोर्ट पहुंचा गूगल

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

गूगल इस समय अपने ही सबसे एडवांस एआई टूल जेमिनी के गलत इस्तेमाल से परेशान है। इसी सिलसिले में गूगल ने न्यूयॉर्क की एक अदालत में एक कथित चीनी साइबरक्राइम नेटवर्क के खिलाफ एक बड़ा मुकदमा दायर किया है। मुकदमे के मुताबिक, इस चीनी गिरोह का नाम आउटसाइडर इंटरप्राइज है, जो चीन से चलाया जा रहा था और आपस में बातचीत व तालमेल के लिए टेलीग्राम का इस्तेमाल करता था। इसने जेमिनी का इस्तेमाल कर 131 फिशिंग




किट्स तैयार किए, जिनकी मदद से बेहद कम समय में फर्जी वेबसाइट्स बनाई जा सकती थीं। मुकदमे में दावा किया जा रहा है कि इस नेटवर्क ने 9,000 से अधिक नकली वेबसाइट्स बनाई थीं। जो गूगल, यूट्यूब, यूएस पोस्टल सर्विस और न्यूयॉर्क के ई-जेडपास जैसी सेवाओं और संस्थानों की हूबहू नकल करती थीं।

### एंटी शिप मिसाइल का सफल परीक्षण

## अब आसमान से आने वाले खतरे और समुद्र में छिपे दुश्मन, दोनों के लिए तैयार है भारत

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

बदलते वैश्विक सुरक्षा माहौल और लगातार उभरते मिसाइल खतरों के बीच भारत ने अपनी रक्षा क्षमता को नई ऊंचाई पर पहुंचाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन ने बहुस्तरीय बैलिस्टिक मिसाइल डिफेंस प्रणाली और नई नौसैनिक एंटी-शिप मिसाइल का सफल परीक्षण कर देश की रणनीतिक ताकत का प्रदर्शन किया है। इन सफल परीक्षणों ने न केवल भारत की सुरक्षा तैयारियों को मजबूत



किया है, बल्कि स्वदेशी रक्षा तकनीक के क्षेत्र में भी बड़ी उपलब्धि दर्ज कराई है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार 10 और 11 जून को लगातार तीन उड़ान परीक्षण किए गए। इन परीक्षणों में बहुस्तरीय बैलिस्टिक मिसाइल डिफेंस प्रणाली का सफल प्रदर्शन किया गया।

**भारत दुनिया के चुनिंदा देशों की कतार में शामिल**

*इन सफल परीक्षणों के बाद भारत उन चुनिंदा देशों की श्रेणी में शामिल हो गया है, जिनके पास बैलिस्टिक मिसाइल डिफेंस क्षमता मौजूद है। रक्षा मंत्रालय का कहना है कि यह प्रणाली इंटरकॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल श्रेणी तक के खतरों से निपटने की क्षमता रखती है। इसका मतलब यह है कि लंबी दूरी से दागी जाने वाली मिसाइलों को भी भारतीय सुरक्षा तंत्र हवा में ही रोक सकता है। यह उपलब्धि भारत की प्रतिरोधक क्षमता और राष्ट्रीय सुरक्षा ढांचे को नई मजबूती देती है।*

### शांति समझौते को लेकर शाहबाज शरीफ का बड़ा दावा

## ईरान-अमेरिका के बीच 24 घंटे में इलेक्ट्रॉनिक साइन होने की संभावना, टेक्निकल लेवल पर होगी बातचीत

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

अमेरिका और ईरान के बीच शांति समझौते को लेकर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने शनिवार को कहा कि हम शांति समझौते के पहले से ज्यादा करीब हैं। शरीफ ने कहा कि अगले 24 घंटे में इसके फाइनल होने की उम्मीद है, जिसके तुरंत बाद पाकिस्तान शांति समझौते पर इलेक्ट्रॉनिक तरीके से हस्ताक्षर की तैयारी कर रहा है और उसके बाद अगले हफ्ते टेक्निकल लेवल पर बातचीत होगी।



**शांति समझौता स्थायी शांति के लिए एक मजबूत आधार**

*उन्होंने कहा कि हम बातचीत के दौरान लगातार सहयोग के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका और इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान का धन्यवाद करना चाहते हैं और इस क्षेत्र में अपने भाइयों के समर्थन के लिए हम उनका दिल से आभार व्यक्त करते हैं। हमें पूरा भरोसा है कि यह ऐतिहासिक शांति समझौता स्थायी शांति के लिए एक मजबूत आधार बनेगा।*

**ईरान आखिरी जीत तक अपनी बात पर अडिग- गालिबाफ**

*ईरान के मुख्य वार्ताकार मोहम्मद बाघेरी गालिबाफ ने शनिवार को कहा कि ईरान अंतिम जीत तक अपनी बात पर अडिग रहेगा। गालिबाफ ने 12 दिन तक चले युद्ध की पहली बरसी पर एक पोस्ट शेयर किया और लिखा, हमारे हमेशा के घर, ईरान पर इजराइली और अमेरिकी सरकारों के आपराधिक हमलों के पहले दौर की शुरूआत को एक साल बीत चुका है।*

### भारत को मिलेगी जल्द आतंरिक्ष में बड़ी उपलब्धि

भारत में कंपनी स्काईरूट एयरोस्पेस पहला प्राइवेट रॉकेट 'विक्रम-1' अंतरिक्ष में उड़ान के लिए तैयार है। यह आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा से लॉन्च किया जाएगा

रॉकेट विक्रम में कंप्यूटर से चलने वाले रोबोटिक पुर्जे लगे है

सही रास्ता पकड़ने की तकनीक विकसित की गई है

## भारत का पहला प्राइवेट रॉकेट 'विक्रम-1' उड़ान के लिए तैयार, श्रीहरिकोटा से रचा जाएगा इतिहास

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

भारत के लिए जल्द ही अंतरिक्ष में एक बड़ी उपलब्धि मिलने वाली है। हैदराबाद की स्टार्टअप कंपनी स्काईरूट एयरोस्पेस का प्राइवेट रॉकेट विक्रम-1 अंतरिक्ष में उड़ान के लिए तैयार है। जिसकी तस्वीर भी जारी हो गई है। श्रीहरिकोटा में विक्रम-1 रॉकेट के स्टेज-2 इंटीग्रेशन का काम पूरा हो चुका है। यानि यह रॉकेट उड़ान भरने की दिशा में तेजी से काम कर रहा है। यानि भारत अब अंतरिक्ष में इतिहास रचने की उल्टी गिनती शुरू कर चुका है।



**विक्रम-1 की तस्वीर जारी**

स्काईरूट एयरोस्पेस की तरफ से विक्रम-1 रॉकेट की तस्वीर भी जारी की गई है। जो उड़ान के लिए अब तैयार नजर आ रहा है। आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा में सतीश धवन स्पेस सेंटर में यह तैयार किया गया है। यह रॉकेट चार चरणों वाला है। जिसमें दूसरे चरण का काम पूरा हो चुका है। इस चरण को कलाम-250 के नाम दिया गया है।

**भारत के लिए होगी बड़ी उपलब्धि**

*विक्रम-1 जब अंतरिक्ष में उड़ान भरेगा तो यह भारत के लिए बड़ी उपलब्धि हगी. क्योंकि यह रॉकेट 24 मीटर ऊंचा है। जो अपने साथ 350 किलोग्राम तक के छोटे सैटेलाइट्स को पृथ्वी की निचली कक्षा ले जा सकता है। यह रॉकेट जब लॉन्च होगा तो भारत दुनिया के उन चुनिंदा देशों में शामिल हो जाएगा जिनके पास अपना प्राइवेट रॉकेट होगा।*

**विक्रम-1 रॉकेट की खासियत**

*विक्रम-1 रॉकेट की खासियत इसे भारत में ही तैयार किया गया है। यह है मजबूत और हल्का है। इसकी बॉडी स्टील से भी मजबूत बनाई गई है। जिसमें कार्बन कम्पोजिट मटीरियल का इस्तेमाल किया गया है। जब रॉकेट में अंदर से ठोस ईंधन जलता है तो इसमें भारी गर्मी होती है। रॉकेट को इस गर्मी से बचाने के लिए रबर की एक खास सुरक्षा कवच दी गई है। इसमें सही रास्ता पकड़ने की तकनीक विकसित की गई है। ताकि यह हवा के थपेड़ों और ग्रेविटी के बीच में भटकेका नहीं। इसमें कंप्यूटर से चलने वाले रोबोटिक पुर्जे लगे हैं, जो उड़ान भरने के दौरान इसके नोजल को सही दिशा में घुमाते रहेंगे। रॉकेट का जो हिस्सा बेकार हो जाता है वह पलक झपकते ही इसे खुद से अलग कर लेगा।*

# प्रदेशभर में छापे, 50 लाख के मिलावटी मसाले सीज

## मसाला माफिया पर प्रहार : 813 नमूने जांच को भेजे, 10 लाख का अस्वास्थ्यकर माल

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में आम जनता की सेहत से खिलवाड़ कर तिजोरियां भरने वाले मिलावटखोरों के खिलाफ खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई की है। शासन के कड़े निर्देश पर बीते 11 और 12 जून को प्रदेशव्यापी विशेष अभियान चलाकर मसाला मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स, बड़े स्टॉकिस्टों और थोक मंडियों में ताबड़तोड़ छापेमारी की गई। इस दो दिवसीय महा-अभियान में विभाग ने 50.23 लाख रुपये मूल्य का 283.5 क्विंटल संदिग्ध मसाला सीज किया है, जबकि इंसानी सेहत के लिए घातक पाए गए 10.46 लाख रुपये के 41.24 क्विंटल अस्वास्थ्यकर मसालों को मौके पर ही जमींदोज (नष्ट) करा दिया गया।

आयुक्त खाद्य सुरक्षा के निर्देश पर टीमों ने बिना किसी पूर्व सूचना के सूबे के कोने-कोने में कुल 813 संदिग्ध



● लखनऊ में समयावधि पार माल खपाने की साजिश नाकाम, रंगे हाथों पकड़ी गई मिलावट

नमूने एकत्र कर राजकीय प्रयोगशालाओं को जांच के लिए भेजे हैं। विभाग ने साफ किया है कि इस कार्रवाई का मुख्य केंद्र बड़े सिंडिकेट और फैक्ट्रियां थीं, जबकि छोटे चक्की संचालकों व फुटकर दुकानदारों को परेशान नहीं किया गया। राजधानी लखनऊ और आसपास के इलाकों में प्रवर्तन टीमों ने बड़ी फैक्ट्रियों पर शिकंजा कसा। काकोरी स्थित 'स्पाइस क्रॉफ्ट फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी' पर छापा मारकर अधिकारियों ने एक्सपायरी डेट (समयावधि पार) हो चुके 33.39 क्विंटल मसाले जब्त किए, बाजार में जिनकी कीमत 13.67 लाख रुपये आंकी गई है। वहीं, सहादतगंज में एक अवैध निर्माण इकाई में धनिया और मिर्च पाउडर में कृत्रिम हानिकारक रंग मिलाते हुए पकड़ा गया; यहां से 1.05 लाख रुपये का 864 किलोग्राम माल सीज किया गया। कन्हैया माधोपुर में 'अवध इंडस्ट्रीज' और हसनपुर में 'बिजी फूड इंडस्ट्रीज' के 'ळीश्रे' ब्रांड पर भी कार्रवाई की गई।

**कानपुर मंडलः वोल्वो लाइन फूड्स से 13 लाख की मिर्च जब्त, राकेश मसाले भी जांच के घेरे में**

औद्योगिक नगरी कानपुर और उसके आसपास मिलावटखोरी का बड़ा नेटवर्क ध्वस्त किया गया। कानपुर देहात स्थित 'वोल्वो लाइन फूड्स प्राइवेट लिमिटेड' की यूनिट में बड़े पैमाने पर अनियमितताएं मिलने पर अधिकारियों ने तत्काल 6,260 किलोग्राम (62.6 क्विंटल) मिर्च पाउडर को सीज कर दिया, जिसकी बाजार में कीमत 13 लाख रुपये है। इसके अलावा नामचीन 'राकेश मसाले' (मैसर्स राकेश इंडस्ट्रीज) और 'राज राजेश्वरी स्पाइसेज' की इकाइयों से कमियां पाए जाने पर 19 क्विंटल मसाले (कीमत 9.30 लाख रुपये) जब्त किए गए। कानपुर नगर के श्याम ट्रेडर्स से भी 1.19 लाख की मिलावटी हल्दी पकड़ी गई।

**पूर्वांचल व पश्चिम में भी हड़कंपः चंदौली में 'फ्छ' तो गाजियाबाद में 18 लाख की जब्ती**

गाजियाबादः पश्चिमी उत्तर प्रदेश के औद्योगिक गढ़ गाजियाबाद में व्यापक स्तर पर छापेमारी कर 17.94 लाख रुपये मूल्य के 8.07 क्विंटल मसाले सीज किए गए।

चंदौली व मिजार्पुरः पूर्वांचल के चंदौली में बाजार के नामी ब्रांड 'फ्छ मसाले' व 'रॉयल मसाले' के ठिकानों से 8 नमूने लेकर जांच के लिए भेजे गए। वहीं मिजार्पुर में 'जय मां विंध्यवासिनी ट्रेडर्स' पर छापेमारी के दौरान पता चला कि वहां 'रुद्र एंटरप्राइजेज' (फ्छ स्पाइस की यूनिट) बिना किसी वैध लाइसेंस के धड़ल्ले से संचालित हो रही थी, जिसे अधिकारियों ने तत्काल प्रभाव से बंद करा दिया।

अयोध्याः धार्मिक नगरी के गोसाईंगंज में 'अर्चिता इंडिया प्राइवेट लिमिटेड' के परिसर से एक्सपायरी डेट के 31,700 रुपये के मसालों को जब्त कर मौके पर ही नष्ट कराया गया।

**छोटे कारोबारियों और पटरी दुकानदारों को राहत**

मुख्यालय ने फील्ड के सभी अधिकारियों को कड़े निर्देश जारी किए हैं कि इस अभियान की आड़ में किसी भी छोटे रेहड़ी-पटरी वाले (हाकरों), लघु चक्की संचालकों या छोटे खुदरा दुकानदारों का उत्पीड़न कतई न किया जाए। शासन का मुख्य उद्देश्य उन बड़े मगरमच्छों को पकड़ना है जो थोक के भाव में मिलावटी खाद्य सामग्री बाजार में खपा रहे हैं।

जनस्वास्थ्य से खिलवाड़ किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यह अभियान केवल एक शुरूआत है; मिलावटखोरों और बिना लाइसेंस के फैक्ट्रियां चलाने वाले सिंडिकेट के खिलाफ एनएसए (रासुका) और गैंगस्टर एक्ट जैसी कड़ी वैधानिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# लखनऊ जंक्शन पर 'गीता संवाद' की प्रतिमा स्थापित



अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** लखनऊ जंक्शन स्टेशन पर गीता संवाद की प्रतिमा स्थापित की गई है। कांच के कक्ष में स्थापित यह रथ योगेश्वर भगवान श्रीकृष्ण द्वारा अर्जुन को दिए गए गीता उपदेश को दशार्ता है और 'कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन' का लगातार मंत्रोच्चार एक सकारात्मक संदेश दे रहा है। जिसमें एलईडी प्रकाश की व्यवस्था भी है। मण्डल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल ने बताया कि इससे नागरिकों को सकारात्मक ऊर्जा मिलेगी और गीता के 'कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन' जैसे उपदेश कर्तव्यनिष्ठा की प्रेरणा देते हैं। इसके साथ ही नई पीढ़ी व पर्यटकों को भारतीय संस्कृति से जुड़ने का अवसर भी प्राप्त होगा। उल्लेखनीय है कि श्रीमद्भागवत गीता में भगवान श्री कृष्ण के उपदेशों का वर्णन है। भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन के माध्यम से संसार को गीता का उपदेश दिया था। कृष्ण ने अर्जुन को गीता का पाठ तब पढ़ाया था, जब उनके कदम महाभारत युद्ध की युद्ध भूमि में डगमगाने लगे थे। श्री कृष्ण के उपदेशों को सुनकर अर्जुन अपने लक्ष्य को पूरा करने की ओर अग्रसर हुए। कहा जाता है कि गीता में जीवन की हर एक परेशानी का हल मिल जाता है। गीता में कही गई श्री कृष्ण की बातें आज भी जीवन में आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा देती हैं।

# नर्सिंग प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित काउंसलिंग के लिए पंजीकरण शुरू

अमन लेखनी समाचार

● बीएससी नर्सिंग समेत विभिन्न नर्सिंग पाठ्यक्रमों की करीब 14500 सीटें

**लखनऊ।** प्रदेश के नर्सिंग कॉलेजों में प्रवेश परीक्षा का रिजल्ट शनिवार को जारी कर दिया गया। अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय (एबीवीएमयू) की तरफ से जारी बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा के परिणाम में गौतमबुद्ध नगर की अंजिली ने टॉप किया है। अंजिली ने 120 में 114 नम्बर हासिल किए। गाजियाबाद के अरुण कुमार ने 113 अंक प्राप्त करते हुए दूसरा स्थान हासिल किया। सहारनपुर की हेमा देवी 112 अंक हासिल कर तीसरे स्थान पर रही हैं।

जीएनएम की पढ़ाई पूरी करने के बाद पोस्ट बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा में लखनऊ एलडीए कॉलोनी निवासी आंचल वर्मा ने प्रथम स्थान पर रहीं। आजमगढ़ के गोल्डी यादव दूसरे रहे। तीसरे स्थान पर लखनऊ स्थित चौक निवासी दीपांकिनी रॉय रहीं। इसी प्रकार एमएससी नर्सिंग की प्रवेश परीक्षा में वाराणसी के पाटिल सुधा प्रदीप पहले पायदान पर रहे। प्रयागराज के आशीष कुमार दूसरे स्थान पर रहे। वहीं सहारनपुर की अपूर्वा चौधरी तीसरे स्थान पर रहीं।

यूनिवर्सिटी के कुलपति डा. अमित देवगन ने बताया कि कॉमन नर्सिंग एंट्रेंस टेस्ट (सीनेट) का परिणाम जारी कर दिया है। ऑनलाइन काउंसलिंग के लिए पंजीकरण शुरू कर दिया गया है। सफल अभ्यर्थी मनपसंद कॉलेज भर सकते हैं। उसके बाद मेरिट के हिसाब से कॉलेज आवंटित किया जाएगा। परीक्षा नियंत्रक डॉ. देवाशीष शुक्ला ने बताया कि बीएससी नर्सिंग समेत विभिन्न नर्सिंग पाठ्यक्रमों की करीब 14500 सीटें हैं। छह जून को लखनऊ समेत 20 जिलों में बनाए गए 307 परीक्षा केंद्रों पर प्रवेश परीक्षा आयोजित कराई थी। परीक्षा में एक लाख 35 हजार 74 अभ्यर्थी शामिल हुए थे। प्रदेश के लगभग 185 नर्सिंग संस्थान इस प्रवेश प्रक्रिया में शामिल हैं।

# अमृत सरोवरों पर सामूहिक योग व स्वच्छता से गूंजेगा प्रदेश

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर जनभागीदारी से होंगे विशेष आयोजन

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ । उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रदेश के सभी अमृत सरोवर स्थलों पर व्यापक जनभागीदारी के साथ सामूहिक योग के साथ विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। उन्होंने कहा कि अमृत सरोवरों पर आयोजित होने वाले योग दिवस कार्यक्रम ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और जनभागीदारी को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उप मुख्यमंत्री श्री मौर्य के निर्देशों के क्रम में ग्राम्य विकास विभाग द्वारा सभी जनपदों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। निर्देशों में कहा गया है कि अमृत सरोवर स्थलों पर सामूहिक योग सत्र, एवं स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। इन कार्यक्रमों में स्थानीय समुदाय, स्कूली छात्र-छात्राओं, स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं, आजीविका मिशन से जुड़ी दीदियों, पंचायत प्रतिनिधियों, सरकारी अधिकारियों तथा अन्य हितधारकों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जाए। श्री मौर्य ने कहा कि अमृत सरोवर ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण के साथ-साथ सामाजिक सहभागिता और सामुदायिक चेतना के केंद्र के रूप में विकसित हो रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर इन स्थलों पर आयोजित कार्यक्रम स्वस्थ जीवनशैली, पर्यावरण संरक्षण और जनभागीदारी का संदेश देंगे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अमृत सरोवर उपयोगकर्ता समूहों, स्वयं सहायता समूहों, पद्म पुरस्कार प्राप्त व्यक्तियों, स्वतंत्रता सेनानियों एवं उनके परिजनों, युवा समूहों, शिक्षण संस्थानों तथा जनप्रतिनिधियों को कार्यक्रमों से जोड़ते हुए व्यापक जनसहभागिता सुनिश्चित की जाए। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर अमृत सरोवरों पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में ह्यसरोवर संवादह्ल का भी आयोजन किया जाएगा। इसके माध्यम से ग्रामीणों को वीबी- जी राम जी योजना के प्रावधानों एवं ग्रामीण विकास से जुड़ी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। आयुक्त ग्राम्य विकास विभाग श्री जी.एस. प्रियदर्शी ने सभी जनपदों को निर्देश दिए हैं कि आयोजित कार्यक्रमों की फोटोग्राफ एवं गतिविधियों का विवरण मिशन अमृत सरोवर पोर्टल पर अपलोड किया जाए तथा कार्यक्रम सम्पन्न होने के दो दिवस के भीतर राज्य मुख्यालय को विस्तृत रिपोर्ट उपलब्ध कराई जाए।

## फार्मासिस्ट संवर्ग की समस्याओं और मांगों पर चर्चा

**लखनऊ।** बलरामपुर अस्पताल के निदेशक डा. विवेक गुप्ता से शनिवार को डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन (डीपीए) के पदाधिकारियों ने मुलाकात की और फार्मासिस्ट संवर्ग की समस्याओं और मांगों पर चर्चा की। इस दौरान डीपीए के प्रदेश अध्यक्ष संदीप बडोला ने कार्यवाहक निदेशक डा. विवेक गुप्ता को बधाई दी। मुलाकात के दौरान अस्पताल के सीएमएस डा. हिमांशु चतुर्वेदी, डीपीए के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष उमेश मिश्रा, प्रदेश प्रवक्ता एसएम त्रिपाठी, प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय कुमार पांड और उपाध्यक्ष मनमोहन मिश्रा भी मौजूद थे।



## लखनऊ परिक्षेत्र व्यापार मंडल के प्रत्याशियों ने भरा पर्चा, कल होगा मतदान



**लखनऊ।** लखनऊ परिक्षेत्र व्यापार मंडल का शनिवार को कई पदो के लिए नामांकन हुआ। जिसमें प्रत्याशियों ने गाजे बाजे, फूल मालाओं के साथ नामांकन पत्र भरा। अध्यक्ष पद के लिए ऋषभ गुप्ता ने नामांकन भरा, वही महामंत्री पद पर संजय रस्तोगी, तनिष्क गुप्ता, विशाल सिंह डंकड़, जफरुल खान ने नामांकन पत्र भरा, कोषाध्यक्ष पर 1, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पर 14 नामांकन हुए, उपाध्यक्ष -16, मंत्री - 8, संगठन मंत्री पर 4, संयुंक्त मंत्री -2 चुनाव अधिकारी- शाम शेर अली, वतन सिंहा, डॉ माथुर व कुलदीप रस्तोगी अवाम चुनाव परिवीक्षक- रजत अग्रवाल द्वारा सभी प्रत्याशियों को शुभकामनाएं दी। ऋषभ गुप्ता ने बताया कि 15 जून को मतदान होगा।

## रक्तदान के लिए निकाली जागरूकता रैली

**लखनऊ।** आलमबाग के चंदरनगर स्थित 50 बेड संयुक्त अस्पताल में शनिवार को रक्तदान के लिए जागरूकता रैली निकाली गयी। अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. एसपी सिंह ने बताया कि विश्व रक्तदान दिवस के उपलक्ष्य में अखिल भारतीय हेमवती नंदन बहुगुणा स्मृति समिति के सहयोग से रैली निकाली गयी। इस पैदल मार्च में अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डा. ए के दीक्षित सहित अन्य संवर्ग के स्टाफ ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

## बारिश और आकाशीय बिजली गिरने से हुई जनहानि पर मुख्यमंत्री ने जताया शोक

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कई जिलों में बारिश और आकाशीय बिजली गिरने से हुई जनहानि के बारे में जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनहानि, पशुहानि का आकलन कर पीड़ित परिवारों को 24 घंटे में मुआवजा उपलब्ध कराएं। किसी भी आवश्यकता पर शासन को तत्काल अवगत कराएं। शनिवार को कासगंज, चंदौली, मीरजापुर, बाराबंकी जिले में वर्षा व आकाशीय बिजली गिरने से जनहानि व पशुहानि हुई। इसकी जानकारी होने पर मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि प्रशासन के आलाधिकारी प्रभावित परिवारों से संवाद बनाकर उन्हें हरसंभव सहायता उपलब्ध करवाएं। मुख्यमंत्री ने आंधी, पानी, ओलावृष्टि आदि के मद्देनजर वरिष्ठ अधिकारियों को फील्ड में रहकर आमजन से संवाद करने और पीड़ित परिवारों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने को कहा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घायलों के सम्बंध में भी जानकारी ली। आपदा पीड़ित मंडलों के आयुक्त, जनपदों के जिलाधिकारी व मुख्य चिकित्सा अधिकारी को उन्होंने निर्देश दिया कि घायलों का उचित इलाज हो, उन्हें दवाएं व स्वास्थ्य सुविधाएं समय से उपलब्ध हों। मुख्यमंत्री ने घायलों के उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। मुख्यमंत्री ने आमजन से भी अपील की कि विपरीत मौसम में बचाव का विशेष ध्यान रखें।

# लांच किया डिजिटल लेबर चौक ऐप

अमन लेखनी समाचार

● विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर श्रम एवं सेवायोजन विभाग की अभिनव पहल, 10 करोड़ से अधिक श्रमिकों को मिलेगा लाभ



**लखनऊ।** श्रमिकों के आर्थिक सशक्तिकरण, रोजगार संवर्धन तथा डिजिटल सुशासन को बढ़ावा देने की दिशा में उत्तर प्रदेश सरकार ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए डिजिटल लेबर चौक मोबाइल एप्लीकेशन का शुभारंभ किया है। विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर 12 जून 2026 को श्रम एवं सेवायोजन विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा इस अभिनव डिजिटल प्लेटफॉर्म को जनता के लिए समर्पित किया गया।

श्रम एवं सेवायोजन विभाग के अंतर्गत उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा विकसित यह मोबाइल आधारित डिजिटल प्लेटफॉर्म श्रमिकों एवं नियोजकों को एक ही मंच पर लाकर रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देने तथा श्रम बाजार को अधिक संगठित, पारदर्शी और सुलभ बनाने का कार्य करेगा। डिजिटल लेबर चौक प्लेटफॉर्म पर कोई भी श्रमिक अपने मोबाइल नंबर के माध्यम से पंजीकरण कर प्रोफाइल बना सकेगा। श्रमिक अपनी प्रोफाइल में कौशल, व्यवसाय, कार्य अनुभव, पसंदीदा कार्यस्थल तथा अन्य आवश्यक विवरण दर्ज कर सकेंगे। इसी प्रकार नियोजक अथवा सेवायोजक भी स्वयं को पंजीकृत कर अपनी श्रमिक आवश्यकता, कार्य का प्रकार, कार्यस्थल तथा अन्य आवश्यक सूचनाएं दर्ज कर सकेंगे।

प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध सूचनाओं के आधार पर श्रमिकों एवं नियोजकों का डिजिटल मैचिंग किया जाएगा। इससे श्रमिकों को उनकी योग्यता एवं कौशल के अनुरूप रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे, जबकि नियोजकों को आवश्यकता के अनुसार उपयुक्त एवं प्रशिक्षित श्रमिक उपलब्ध हो सकेंगे।

प्रदेश में वर्तमान समय में ई-श्रम पोर्टल पर लगभग 8.40 करोड़ श्रमिक पंजीकृत हैं, जबकि उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड में लगभग 1.93 करोड़ निर्माण श्रमिक पंजीकृत हैं। इस प्रकार प्रदेश में 10 करोड़ से अधिक श्रमिकों का एक बड़ा संभावित आधार उपलब्ध है, जो इस डिजिटल प्लेटफॉर्म से लाभान्वित हो सकेगा।

## शक्ति भवन और मध्यांचल में लगी पेंशन अदालत

**लखनऊ।** पेंशनरों की समस्याओं के समाधान के लिए शनिवार को शक्ति भवन में पेंशन अदालत लगी। पावर कॉरपोरेशन के निदेशक (प्रशासन) डा. जॉन मथाई ने बताया कि शनिवार को लगी आदालत में कुल आठ मामले आए, जिनमें से चार मामलों का मौके पर ही समाधान हो गया। बचे हुए चार मामलों का जल्द समाधान करने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए हैं। अब इसके बाद पेंशन अदालत सितंबर में आयोजित होगी। मध्यांचल मुख्यालय में पेंशन अदालत में कुल 3 पेंशनरों ने अपनी समस्याओं से अवगत कराया जिसमें प्रमुखतः पवन कुमार शुक्ला, निवासी अलीगंज लखनऊ एवं पूनम कश्यप, राजाजीपुरम ने अपनी पारिवारिक पेंशन एवं चिकित्सा व्यय प्रतिपूर्ति के प्रकरण को रखा जिसपर निदेशक द्वारा तत्काल प्रभावी कार्यवाही करते हुए सम्बन्धित अधिकारी को शीघ्रातिशीघ्र प्रकरण के निस्तारण के लिए आदेश दिए।

# केजीएमयू में असाध्य योजना के मरीजों को मिली राहत

● नयी नियमावलियों के अनुसार होगा पंजीकरण भी होगा

**लखनऊ।** किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) में कुलपति की अध्यक्षता में बैठक में निर्णय लिया गया कि एक बार की जांच और इलाज की धनराशि मरीजों के खाते में जाएगी, इससे गंभीर बीमारियों के मरीजों को मदद मिलेगी। नयी नियमावलियों के अनुसार पंजीकरण भी होगा।

शनिवार को कुलपति डा. सोनिया नित्यानंद की अध्यक्षता में हुई बैठक में फैसला लिया गया कि योजना में पंजीकृत मरीजों को एक बार की जांच और इलाज की धनराशि उनके खाते में भेजी जाएगी, इससे गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों को तत्काल राहत मिल सकेगी। असाध्य योजना के तहत कैंसर समेत गंभीर बीमारियों के मरीजों को निशुल्क इलाज की सुविधा मिलती है। दवा खरीद में अनियमितताओं की जांच शुरू होने के बाद योजना का नवीनीकरण और इलाज की प्रक्रिया प्रभावित हो गई थी। डाक्टर नए मरीजों का असाध्य कार्ड बनाने में कतरा रहे हैं। वहीं पुराने मरीजों के कार्ड के नवीनीकरण की प्रक्रिया ठप थी। तीन के बजाए एक साल के बाद असाध्य कार्ड का नवीनीकरण अनिवार्य कर दिया गया है। अब 35000 रुपये सालाना आय प्रमाण पत्र के स्थान पर गृहस्थी व परिवार राशन कार्ड की अनिवार्यता कर दी गयी।

केजीएमयू के प्रवक्ता डा. केके सिंह ने बताया कि बैठक में तय हुआ कि फिलहाल पुराने पंजीकृत मरीजों को एक बार इलाज और जांच के लिए आर्थिक सहायता दी जाएगी। इसके बाद जब मरीज दोबारा इलाज के लिए आएंगे, तो उन्हें राशन कार्ड समेत अन्य जरूरी दस्तावेज जमा करने होंगे। दस्तावेजों के सत्यापन के बाद ही योजना का नवीनीकरण किया जाएगा। वहीं, असाध्य योजना में नए मरीजों का पंजीकरण भी नए नियमों के अनुसार ही किया जाएगा।

# स्क्रीनिंग से बढ़ी बच्चों में टीबी की पहचान

**लखनऊ।** बच्चों में टीबी की पहचान हमेशा एक चुनौतीपूर्ण कार्य माना जाता रहा है। इसके बावजूद जनपद लखनऊ में पिछले तीन वर्षों के दौरान बच्चों में टीबी के मामलों की पहचान और अधिसूचना में लगातार सुधार दर्ज किया गया है। स्वास्थ्यकर्मियों के क्षमता वर्धन, सुविधाओं के विस्तार, सामुदायिक जागरूकता एवं सहभागिता गतिविधियों और सुदृढ़ रेफरल प्रणाली के कारण बच्चों में टीबी की पहचान में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। वर्ष 2023 में 1,970 रहे अधिसूचित मामले बढ़कर वर्ष 2024 में 2,302 और वर्ष 2025 में 2,508 तक पहुंच गए।



मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. एनबी सिंह ने कहा कि बच्चों में टीबी की समय पर पहचान और उपचार न केवल संक्रमण की श्रृंखला को तोड़ने में सहायक है, बल्कि गंभीर जटिलताओं की रोकथाम में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा इस दिशा में किए जा रहे प्रयास आगे भी जारी रहेंगे, जिससे कि प्रत्येक संभावित टीबी ग्रसित बच्चे तक समय पर जांच और उपचार की सुविधा पहुंचाई जा सके।

जिला क्षय रोग अधिकारी डा. एके सिंघल ने बताया कि बच्चों में टीबी की शीघ्र पहचान, गुणवत्तापूर्ण जांच और समय पर उपचार सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न स्तरों पर निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। क्षमतावर्धन, सामुदायिक जागरूकता सहभागिता और स्वास्थ्य संस्थानों को सशक्त बनाने की दिशा में संचालित गतिविधियों में सहयोगी संस्था वर्ल्ड हेल्थ पार्टनर्स (डब्ल्यूएचपी) तकनीकी सहयोग प्रदान कर रही है।

जिला क्षय रोग अधकारी ने बताया कि इन्हीं प्रयासों के तहत बाल रोग विशेषज्ञों, चिकित्सा अधिकारियों, स्टाफ नर्सों एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मियों सहित 429 स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं को बच्चों में टीबी की शीघ्र पहचान, जांच प्रक्रिया और राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम(एनटीईपी) के नवीनतम दिशानिर्देशों पर प्रशिक्षित किया गया। विशेषज्ञ डा. सारिका गुप्ता ने बताया कि छह वर्ष तक के बच्चों में टीबी की जांच चुनौतीपूर्ण होती है, क्योंकि वे पर्याप्त मात्रा में बलगम नहीं निकाल पाते। ऐसे मामलों में गैस्ट्रिक एस्पिरेशन के माध्यम से नमूना लिया जाता है।

# मोदी सरकार के 12 वर्षों ने बदली भारत की तस्वीर : डॉ. राजेश्वर सिंह

## योगी के नेतृत्व में बदली उत्तर प्रदेश की पहचान, विकास और सुशासन का बना राष्ट्रीय मॉडल

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं सरोजनी नगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के विजन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विकसित उत्तर प्रदेश के संकल्प के अनुरूप सरोजनी नगर विधानसभा क्षेत्र आज निवेश, नवाचार, रक्षा उत्पादन, आधुनिक शहरीकरण, परिवहन, स्वास्थ्य, शिक्षा और प्रशासनिक उत्कृष्टता का नया केंद्र बनकर उभर रहा है। बीते वर्षों में यहां शुरू हुई और प्रगति पर चल रही परियोजनाएं न केवल लखनऊ बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश की विकास यात्रा को नई दिशा दे रही हैं।

डॉ. सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में भारत ने विकास, सुशासन, राष्ट्रीय सुरक्षा, डिजिटल परिवर्तन, सामाजिक न्याय और वैश्विक प्रतिष्ठा के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, जल जीवन मिशन, जनधन योजना और किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं ने करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है। सर्जिकल स्ट्राइक, बालाकोट एयर स्ट्राइक और ऑपरेशन सिंदूर ने भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा नीति को नई मजबूती दी है। जी-20 की सफल अध्यक्षता, चंद्रयान-3, आदित्य-एल1, डिजिटल इंडिया और दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में भारत का उभरना प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व की सफलता का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी भारत के सबसे लंबे समय तक लगातार निर्वाचित रहने वाले प्रधानमंत्री बनकर इतिहास रच चुके हैं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने वर्ष 2017 के बाद विकास और सुशासन के नए मानक स्थापित किए हैं। राज्य का बजट लगभग 3.85 लाख करोड़ से बढ़कर 8.08 लाख करोड़ से अधिक हो चुका है। उत्तर प्रदेश देश की दूसरी सबसे बड़ी राज्य अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के माध्यम से 40 लाख करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। वर्तमान में भारत के कुल परिचालित एक्सप्रेसवे नेटवर्क का लगभग 42 प्रतिशत हिस्सा उत्तर प्रदेश में स्थित है तथा गंगा एक्सप्रेसवे के पूर्ण होने के बाद यह हिस्सा लगभग 62 प्रतिशत तक पहुंचने का अनुमान है। बेहतर कानून व्यवस्था, डिफेंस कॉरिडोर, मेडिकल कॉलेजों के विस्तार, धार्मिक पर्यटन विकास और आधारभूत संरचना में रिकॉर्ड निवेश ने उत्तर प्रदेश को देश के अग्रणी विकास मॉडलों में स्थापित किया है।



उन्होंने कहा कि सरोजनी नगर को केंद्र में रखकर विकसित किए जा रहे स्टेट कैपिटल रीजन की परिकल्पना उत्तर प्रदेश के इतिहास की सबसे महत्वपूर्ण क्षेत्रीय विकास योजनाओं में से एक है। लगभग 27,826 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में प्रस्तावित यह परियोजना लखनऊ, उन्नाव, रायबरेली, हरदोई, सीतापुर और बाराबंकी सहित छह जिलों के संतुलित एवं नियोजित विकास का आधार बनेगी। सरोजनी नगर इस महत्वाकांक्षी योजना का केंद्र बिंदु बनकर उभर रहा है। उन्होंने कहा कि अमौसी क्षेत्र में लगभग 1,500 एकड़ में प्रस्तावित एयरो सिटी परियोजना सरोजनी नगर को निवेश, व्यापार, पर्यटन, आतिथ्य और वैश्विक सेवाओं का नया केंद्र बनाएगी।

आधुनिक होटल, बिजनेस पार्क, कन्वेंशन सुविधाएं, शॉपिंग और मनोरंजन अवसंरचना इस क्षेत्र को अंतरराष्ट्रीय पहचान प्रदान करेंगी। सरोजनी नगर में 10,732 करोड़ की लागत से उत्तर प्रदेश की पहली एआई सिटी विकसित की जा रही है। यह परियोजना आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा सेंटर, आईटी सेवाओं, अनुसंधान और नवाचार का प्रमुख केंद्र बनेगी। उन्होंने कहा कि अशोक लीलैंड का लगभग 10,000 करोड़ निवेश वाला अत्याधुनिक ईवी बस निर्माण संयंत्र सरोजनी नगर की नई पहचान बन रहा है। लगभग 70 एकड़ क्षेत्र में विकसित यह परियोजना प्रतिवर्ष 2,500 इलेक्ट्रिक बसों के निर्माण की क्षमता रखेगी और हजारों युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराएगी।

## नालों की नहीं मिली सफाई पंपिंग स्टेशनों का निरीक्षण

**लखनऊ।** राजधानी में आगामी मानसून और भारी बारिश के दौरान संभावित जलभराव की समस्या से निपटने के लिए नगर निगम ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। शनिवार को अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव ने खुद कमान संभालते हुए जोन-1 क्षेत्र का धरातलीय रुख किया। उन्होंने क्षेत्र में संचालित नाला सफाई कार्यों की जमीनी हकीकत परखने के साथ-साथ विभिन्न बाढ़ पंपिंग स्टेशनों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का सघन जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी दी कि मानसून की दस्तक से पहले सभी नालों और पुलियाओं से अवरोध हटाकर जल प्रवाह को शत-प्रतिशत निर्बाध बनाया जाए। अपर नगर आयुक्त ने बैरल नंबर-20 के समीप बालू अड्डा से आने वाले मुख्य नाले से की। मौके पर छह सफाईकर्मी मुस्तैद मिले। उन्होंने मौके पर मौजूद अभियंताओं से कार्य की प्रगति की जानकारी ली और जल निकासी सुचारु रखने के लिए नियमित सफाई के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने विक्रमादित्य मार्ग स्थित मार्टिनपुरवा नाला एवं पुलिया का निरीक्षण किया, जहां उन्होंने बरसात से पहले ड्रेनेज सिस्टम को पूरी तरह साफ करने को कहा। अपर नगर आयुक्त ने बैरल नंबर-24 स्थित गोल्फ क्लब और लोरेटो स्कूल के समीप से गुजरने वाले नालों का भी स्थलीय निरीक्षण किया।

## संक्षेप

### अधेड़ युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

उन्नाव। सोहरामऊ थाना क्षेत्र के दरेहटा गांव में शनिवार को एक अधेड़ व्यक्ति द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने की घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा, दरेहटा अंचली निवासी आशीष पुत्र राजेंद्र गौतम ने सोहरामऊ थाने पहुंचकर सूचना दी कि उनके पिता राजेंद्र गौतम (50 वर्ष) पुत्र हरिचरण ने घर के बगल में एक पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सूचना मिलते ही थाना सोहरामऊ पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्रवाई पूरी कर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी हाउस भेज दिया है। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है और पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है।पुलिस के अनुसार, प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है,सोहरामऊ इंस्पेक्टर अरविंद पांडे ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### फसल खा रहे सांड को भगाने गए वृद्ध पर सांड ने किया हमला

औरास, उन्नाव। मूंगफली की फसल चर रहे आवारा साँड़ को खदेड़ने गया बृद्ध को साँड़ ने खेत मे ही पटक पटक कर गंभीर रूप से लहूलुहान कर दिया। घटना देख दौड़े किसानो ने किसी तरह आवारा साँड़ को डपट कर भगाया ।गंभीर रूप से घायल बृद्ध को सीएचसी औरास में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। औरास थाना क्षेत्र के शिव थाना निवासी जलबीर सिंह पुत्र स्वःसरनाम सिंह शनिवार सुबह अपने खेत मे खड़ी मूंगफली की फसल देखने गए थे। जहाँ आवारा साँड़ उनके खेत मे मौजूद था।। जिसको उन्होंने खदेड़ने की कोशिश की लेकिन बिगड़ैल साँड़ ने बृद्ध जलबीर सिंह पर दौड़ कर हमला कर गम्भीर रूप से लहूलुहान कर दिया । घटना देख दौड़े किसानों ने किसी तरह साँड़ को डपट कर भगाया । सूचना पर पहुँचे परिजन लहूलुहान हालत में एम्बुलेंश से सीएचसी औरास में भर्ती कराया है। क्षेत्र में आवारा जानवरों का आतंक बरकरार है।

### अनियंत्रित बाइक खंती में पलटी चालक घायल

उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र में लखनऊ-बांगरमऊ मार्ग पर शनिवार दोपहर एक तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर खंती में पलट गई। इस हादसे में बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया।पुलिस ने घायल को मियागंज सीएचसी में भर्ती कराया, जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।यह घटना नई बस्ती मोड़ के पास हुई। बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के मऊ गांव निवासी शादाब (28) पुत्र शहाबुद्दीन अपनी बाइक से मियागंज में रिश्तेदारी से वापस अपनी ससुराल रहीमाबाद जा रहे थे। दोपहर करीब ढाई बजे उनकी तेज रफ्तार बाइक अचानक अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे खंती में जा गिरी।हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से घायल शादाब को मियागंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर अभिषेक कटियार ने शादाब की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# बहू-बेटी सम्मेलन एवं चौपाल कार्यक्रम का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जयप्रकाश सिंह के कुशल निर्देशन में महिला सुरक्षा, सम्मान एवं पारिवारिक सौहार्द को बढ़ावा देने के उद्देश्य से महिला थाना उन्नाव द्वारा एक ₹बहू-बेटी सम्मेलन₹ का आयोजन चौपाल के रूप में किया गया। कार्यक्रम में महिला थाना प्रभारी निरीक्षक रेखा सिंह, परिवार परामर्श केन्द्र प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमारी, परिवार परामर्श केंद्र समिति प्रभारी डॉ. आशीष श्रीवास्तव, उप निरीक्षक मिथिलेश कुमारी तथा उप निरीक्षक अवध बिहारी निरंजन उपस्थित रहे। सम्मेलन में सास, बहू, ननद, भाभी, मां, बेटियों एवं छात्राओं सहित ग्राम सभा के सम्मानित नागरिकों ने बड़ी संख्या में प्रतिभाग कर कार्यक्रम को सफल बनाया। चौपाल के दौरान उपस्थित महिलाओं एवं ग्रामीणों को पारिवारिक संबंधों में प्रेम, सम्मान एवं आपसी विश्वास बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया। वक्ताओं द्वारा बताया गया कि परिवार की बहू को सदैव बेटी के समान सम्मान एवं स्नेह दिया जाना चाहिए तथा बहू और बेटी में किसी प्रकार का भेदभाव नहीं होना चाहिए। साथ ही बहुओं को भी अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए सास को मां के समान सम्मान देने तथा परिवार के अन्य सदस्यों के साथ मधुर संबंध बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया। महिला थाना प्रभारी निरीक्षक रेखा सिंह, प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमारी एवं डॉ. आशीष श्रीवास्तव द्वारा सास-बहू, ननद-भाभी तथा बहू-बेटी के मधुर एवं संवेदनशील संबंधों पर विस्तृत प्रकाश डाला गया। इस दौरान प्रेरणादायी एवं भावपूर्ण कविताओं के माध्यम से भी पारिवारिक रिश्तों के महत्व को रेखांकित किया गया।

# तेज आंधी पानी में वाहन पर गिरा पेड़ टला बड़ा हादसा

अमन लेखनी समाचार




सफीपुर, उन्नाव। शनिवार सुबह आई तेज आंधी और बारिश के दौरान सफीपुर-परियर मार्ग पर बाबा कुटी के समीप एक विशाल आम का पेड़ उखड़कर सड़क पर गिर गया। इसी दौरान मार्ग से गुजर रहा एक ब्रेड वाहन पेड़ की चपेट में आ गया, जिससे वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। चालक ने समय रहते वाहन से कूदकर अपनी जान बचा ली। सुबह अचानक तेज आंधी और बारिश शुरू होने से मौसम में नमी आ गई और लोगों को गर्मी से राहत मिली, लेकिन जनजीवन भी प्रभावित हुआ। बाबा कुटी के पास वर्षों पुराना आम का पेड़ तेज हवा के दबाव से धराशायी होकर सड़क पर गिर पड़ा। उसी समय बिठूर की ओर से आ रहा ब्रेड वाहन पेड़ के नीचे दब गया, जिससे वाहन को भारी नुकसान पहुंचा। पेड़ गिरने से सफीपुर-परियर मार्ग पर आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया। सूचना पर पहुंचे ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद पेड़ को सड़क से हटाया, जिसके बाद यातायात सुचारु हो सका।वहीं आंधी और बारिश के कारण विद्युत व्यवस्था भी प्रभावित रही। मुख्य लाइन में फॉल्ट आने से क्षेत्र की बिजली आपूर्ति करीब पांच घंटे तक बाधित रही, जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। मौसम साफ होने के बाद विद्युत विभाग ने फॉल्ट दूर कर आपूर्ति बहाल कराई।

## घर का ताला तोड़कर लाखों की चोरी, पीड़ित ने पुलिस से लगाई न्याय की गुहार

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। सदर कोतवाली क्षेत्र के कालीखेड़ा मजरा भतावां गांव में चोरों ने रात को घर का ताला तोड़कर लाखों के जेवर और नकदी पार कर दी। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर दी, लेकिन कार्रवाई न होने पर ररढ को प्रार्थना पत्र देकर रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की है।कालीखेड़ा मजरा भतावां निवासी लालबहादुर पुत्र हरीराम ने एस एस पी को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि करीब रात 1:30 बजे दीवाल में सेंध लगाकर जेवर व कीमती पीतल के बर्तन व जेवरात एवं नकद 2 लाख 80 हजार रुपये चोरी कर ले गए। पीड़ित ने उसी दिन सदर कोतवाली में तहरीर दी, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। पीड़ित का आरोप है कि परिवार के लोगों द्वारा जमीनी विवाद के चलते चोरी को चोरी की घटना को अंजाम दिया गया।पीड़ित के मुताबिक विपक्षीगण उसके ऊपर दीवानी मुकदमा वापस



लेने का दबाव बना रहे हैं। पीड़ित ने आशंका जताई कि रिपोर्ट दर्ज न होने पर आरोपी उसके व परिवार के साथ अप्रिय घटना कर सकते हैं।

## आम के पेड़ पर गिरी आकाशीय बिजली चपेट से वृद्ध की मौत

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बारासगवर अंतर्गत आकाशीय बिजली के गिर जाने से 60 वर्षीय व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गयी। सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र रग्घूखेड़ा निवासी कृष्ण कान्त पुत्र बनवारी लाल अपनी आम की बाग में रखवाली करने गए थे।शनिवार शुबह 8 बजे अचानक मौसम खराब हो गया। तेज हवा के साथ बारिश शुरू हो गयी। गड़गड़ाहट के साथ आकाशीय बिजली चमकने लगी। इतने में ही आकाशीय बिजली उसी आम के पेड़ पर आ गिरी जिस पेड़ के नीचे बारिश से बचने के लिए कृष्ण कांत बैठे थे। आकाशीय बिजली के गिरने से कृष्ण कांत बुरी तरह झुलस गए। कुछ देर बाद जब बारिश बंद हो गयी तब कृष्ण कांत का झुलसा हुआ शव ग्रामीणों को पेड़ के नीचे दिखाई पड़ा। शव देखते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। दिवंगत के दो पुत्र गौरव व गोलू है जबकि बेटी बिट्टो विवाहित है। पत्नी बीना देवी सहित पूरा परिवार मौत से बेहाल हो गया है।

## छत से नीचे गिरने से युवक की हुई मौत

अमन लेखनी समाचार



पुरवा, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के गांव बिछिया निवासी 45 वर्षीय राजेश शुक्रवार रात को घर की दूसरी मंजिल की छत पर लेटे थे।शनिवार सुबह लगभग पांच बजे लघु शंका के लिए उठे ,छत पर रेलिंग न होने से वह नीचे गिर गए।परिजन उन्हें आनन फानन सीएचसी बिछिया लेकर पहुंचे।जहां हालत गंभीर होने पर डाक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।जिला अस्पताल पहुंचते ही डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।राजेश की मौत से पत्नी गीता,बेटी कुमकुम,गुनगुन बेहाल रही।कोतवाल भवन सिंह मौर्य ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## पैदल जा रहे युवक को पिकअप लोडर ने मारी टक्कर मौत

अमन लेखनी समाचार



सफीपुर, उन्नाव। मांखी थाना क्षेत्र में शनिवार की सुबह उन्नाव हरदोई मार्ग पर अनियंत्रित पिकअप लोडर सडक किनारे पैदल जा रहे युवक को चपेट में लेते हुए खंती में पलट गया युवक नीचे दब गया जिससे घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गयी दुर्घटना के बाद चालक मौके से भाग निकला ग्रामीणों ने शव को बाहर निकाल कर पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही करते हुए शव पीएम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया भिन्की पुर दोस्तली खेडा गांव निवासी बिमलेश पुत्र मुन्नी लाल 40 शनिवार की सुबह चकलवंशी चौराहे की ओर सडक किनारे पैदल जा रहा था इसी बीच सफीपुर की ओर से आ रहे पिकअप लोडर चालक ने सामने से आ रहे वाहन को देख लोडर किनारे किया बारिश के चलते पिकअप अनियंत्रित हो गया और सडक किनारे जा रहे युवक को चपेट में लेते हुए खंती में पलट गया युवक पिकअप लोडर के नीचे दब गया चीख पुकार मची तो ग्रामीण मौके पर पहुंचे और नीचे दबे युवक को बाहर निकाला तब तक उसकी मौत हो चुकी थी मृतक चार भाइयों के बीच दूसरे स्थान पर था बडा भाई बब्लू छोटे संदीप व रंजीत हैं तीन बहने रेखा, शीलू, नीलू मृतक की पत्नी पंद्रह साल पहले छोड कर चली गयी थी मृतक खेती किसानी करता था मां की पहले ही मौत हो चुकी है इस सम्बंध में थाना प्रभारी योगेश कुमार सिंह ने बताया कि शव पीएम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया है तहरीर के आधार पर आगे की बिधिक कार्यवाही की जाएगी।

## अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को मारी टक्कर हुई मौत

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। दही थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह एक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मिर्जा इंटरनेशनल फैक्ट्री के पास एक अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। थाना दही क्षेत्र के राजेपुर निवासी लालू (40) पुत्र स्व. सागर नगर पालिका में सफाई ठेकेदार के रूप में कार्यरत थे। शनिवार सुबह करीब 10 से 11 बजे के बीच लालू अपनी बाइक से कहीं जा रहे थे, तभी मिर्जा इंटरनेशनल फैक्ट्री के पास यह हादसा हुआ।स्थानीय लोगों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी। दही थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को अस्पताल पहुंचाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक लालू की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है। लालू की मौत की खबर से उनके परिवार में शोक का माहौल है। उनके परिवार में पत्नी के अलावा एक बेटी और चार बेटे हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस मार्ग पर अक्सर तेज रफ्तार वाहनों का आवागमन रहता है, जिससे सड़क हादसों का खतरा बना रहता है।उन्होंने प्रशासन से सड़क सुरक्षा के इंतजाम बढ़ाने और तेज रफ्तार वाहनों पर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, मामले की जांच जारी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर अज्ञात वाहन की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। वाहन की पहचान होने के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## घर से लापता युवक मिला अचेत अवस्था में इलाज के दौरान मौत

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। गुरुवार को घर से लापता युवक फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र में अचेत अवस्था में पाया गया जिसके बाद उन्नाव में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई सोशल मीडिया के माध्यम से मिली जानकारी के बाद उन्नाव पहुंचे परिजनों ने उसकी पहचान कर औपचारिकता पूर्ण की। कस्बा गंजमुरादाबाद निवासी 40 वर्षीय अजय कुमार कुशवाहा पुत्र श्रीराम जो बीते गुरुवार को सुबह पहर घर से कही चला गया परिजनों के अनुसार वह कुछ मानसिक रूप से कमजोर था तथा उसे मिर्गी के दौरे पड़ जाते थे सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी मिलने पर उन्नाव जिला अस्पताल पहुंच शव की पहचान की। घटना क्रम के अनुसार शुक्रवार को अलसुबह पहर फतेहपुर चौरासी क्षेत्र स्थित हफीजबाद के निकट उसे मार्ग किनारे गंभीर हालत में पड़ा हुआ देखा गया जिसे पी आर वी पुलिस द्वारा अज्ञात में ही हालत गंभीर होने के कारण बांगरमऊ अस्पताल भिजवाया गया जहां से उसे उन्नाव रेफर कर दिया गया उन्नाव में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई जिसके बाद पुलिस द्वारा पहचान कराने के प्रयास में सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी मिलने पर शनिवार को परिजनों ने उन्नाव पहुंच उसकी पहचान की।घटना से विजय,संजय,बृजेश मृतक के तीनो भाई सहित अन्य परिजनों में मातम की स्थित बनी हुई है मृतक अविवाहित था जो अक्सर इधर उधर चला जाता था।

## महिला ने अपने रिश्तेदारों पर पति का धर्म परिवर्तन कराने के प्रयास का लगाया आरोप

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। एक महिला ने अपने रिश्तेदारों पर प्रेम विवाह के बाद पति पर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने और मारपीट करने का आरोप लगाया है। महिला की शिकायत पर सदर कोतवाली पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।कांशीराम कॉलोनी निवासी पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उसने मुस्लिम धर्म से होते हुए एक हिंदू युवक से प्रेम विवाह किया है। महिला के अनुसार, उसके मामा के लड़के और अन्य रिश्तेदार इस शादी से नाराज हैं, जिसके कारण वे उसे और उसके पति को परेशान कर रहे हैं।महिला ने आरोप लगाया कि उसके रिश्तेदार नबी आलम, रौनक, नबी शेर और शब्बर ने उसके पति को जबरन मस्जिद ले जाने का प्रयास किया और नमाज पढ़ने के लिए दबाव बनाया। विरोध करने पर पति के साथ मारपीट की गई। महिला ने बताया कि इस दौरान उसे भी पीटा गया, जिससे उसके पैर में चोट आई है, जबकि पति को भी चोटें आई हैं।पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी और हथियार रखने की बात कहकर डराया। महिला ने पुलिस से सुरक्षा और न्याय की मांग की है।घटना के बाद पुलिस ने महिला और उसके पति का मेडिकल परीक्षण कराया है। सदर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक चंद्रकांत मिश्रा ने बताया कि महिला की तहरीर के आधार पर नवी आलम, रौनक पुत्र आशिक, नबी शेर पुत्र आशिक और शब्बर पुत्र सादिक अली निवासी उम्मीदों का शहर के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 115(2), 352 और 351 (3) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।कोतवाल ने बताया कि मामले में तीन आरोपियों को हिरासत में लेकर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं, महिला ने घटना का वीडियो होने का भी दावा किया है। पुलिस का कहना है कि मामले से जुड़े सभी तथ्यों की जांच की जा रही है।

## दो बाइकों की आमने सामने भिड़ंत, तीन घायल

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। रसूलाबाद-सफीपुर मार्ग पर दो बाइकों की आमने-सामने हुई जोरदार भिड़ंत में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) सफीपुर पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार, आसीवन थाना क्षेत्र के डड़ौली गांव निवासी गुफरान (35) पुत्र खालिक अपने फूफा फक्कू (50) पुत्र शौकत के साथ बांगरमऊ थाना क्षेत्र के गंजमुरादाबाद में अपने छोटे भाई रहमान की दुल्हन की विदाई कराने जा रहे थे। इसी दौरान कोतवाली क्षेत्र के रसूलाबाद-सफीपुर मार्ग पर नया खेड़ा गांव के समीप उनकी बाइक की सामने से आ रही दूसरी बाइक से आमने-सामने टक्कर हो गई।हादसे में गुफरान, फक्कू तथा दूसरी बाइक सवार बनवारी (32) पुत्र मुरारी गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। राहगीरों द्वारा सूचना दिए जाने पर पुलिस मौके पर पहुंची और एंबुलेंस की सहायता से सभी घायलों को सीएचसी सफीपुर भिजवाया। वहां मौजूद चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद तीनों की हालत नाजुक देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।




## घर के बाहर बैठी महिलाओं को लोडर ने मारी टक्कर, एक की मौत, दो घायल

अमन लेखनी समाचार




बीघापुर, उन्नाव। थाना क्षेत्र के जगदीशपुर गांव में शुक्रवार रात एक लोडर ने घर के बाहर बैठी तीन महिलाओं को टक्कर मार दी। इस हादसे में एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गईं। घायलों का इलाज जिला अस्पताल में जारी है।

जानकारी के अनुसार, शुक्रवार रात जगदीशपुर निवासी कुछ महिलाएं अपने घर के बाहर बैठी थीं। इसी दौरान एक तेज रफ्तार लोडर एसीई के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर के बाद आसपास के लोगों ने तत्काल घायलों को उपचार के लिए 100 शैया अस्पताल बीघापुर पहुंचाया। अस्पताल में चिकित्सकों ने जगदीशपुर निवासी केसना (पत्नी स्वर्गीय होरीलाल, उम्र करीब 65 वर्ष) को मृत घोषित कर दिया। वहीं, घायल गिरिजावती (पत्नी धीर सिंह चौहान, उम्र करीब 60 वर्ष) और शांति देवी (पत्नी रामचंद्र, उम्र करीब 70 वर्ष) का प्राथमिक उपचार किया गया।दोनों घायलों की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। जिला अस्पताल में उनका उपचार जारी है।हादसे की सूचना मिलते ही बीघापुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस दुर्घटना करने वाले लोडर और उसके चालक के संबंध में जानकारी जुटा रही है।दरोगा मोहित कन्नौजिया ने बताया कि हादसे में एक महिला की मौत हुई है और मामले में आगे की कार्यवाही की जा रही है। पुलिस दुर्घटना के कारणों का पता लगा रही है।

## सम्पादकीय

# कांग्रेस सावधान रहती तो नहीं होती फजीहत

मध्य प्रदेश से कांग्रेस की राज्यसभा उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन का नामांकन खारिज होना कांग्रेस पार्टी के लिए एक बड़ा झटका तो है ही, लेकिन एक अहम सबक भी है जो उन्हें इस गलती से लेना चाहिए। कांग्रेस ने चुनाव आयोग के सामने मीनाक्षी नटराजन से जुड़े तेलंगाना के मामले में व्यापक तथ्य रखे, साथ ही दावा किया कि इस स्तर पर मुकदमे को शपथ पत्र में देना जरूरी नहीं होता। हो सकता है कांग्रेस सच बोल रही हो, लेकिन तथ्य यह भी हो सकता है कि मीनक्षी ने जानबूझकर इसे छुपाया है। मध्यप्रदेश के रिटर्निंग ऑफिसर (आरओ) ने नामांकन रद्द करने का फैसला इसी आधार पर लिया है। एमपी में कांग्रेस खासकर राहुल गांधी के लिए यह सीट प्रतिष्ठा का प्रश्न है। चूंकि यहां कमलनाथ और दिग्विजय सिंह जैसे कांग्रेस के दिग्गज नेताओं को नजरअंदाज कर मीनाक्षी को उतारा गया था। कहा जा रहा है कि पार्टी के भीतर से ही कुछ लोगों ने शपथ पत्र में कथित कमी की जानकारी भाजपा तक पहुंचाई। यदि इसमें जरा भी सच्चाई है, तो यह कांग्रेस के लिए सबसे गंभीर चेतावनी है। किसी भी राजनीतिक दल की सबसे बड़ी ताकत उसका संगठनात्मक अनुशासन और आपसी विश्वास होता है। जब अंदरखाने असंतोष और अविश्वास बढ़ने लगे, तो विपक्ष को हमला करने का अवसर मिल जाता है। इसके बाद भाजपा ने सवाल उठाए और नामांकन रद्द कर दिया गया। आरओ ने कांग्रेस को इस आपत्ति पर जवाब देने के लिए समय भी दिया है। बहरहाल, जब मामला प्रतिष्ठा से जुड़ा हो तो पार्टियों को पूरी सावधानी बरतनी चाहिए। कांग्रेस के पास तो बहुत बड़ी लीगल टीम है। जो अब चुनाव आयोग के सामने तर्क दे रही है, लेकिन यह टीम नामांकन से पहले ही सभी तथ्यों की सभी तरीके से पड़ताल कर लेती तो अब दिक्कत नहीं होती। कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि कांग्रेस के भीतर सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। पार्टी के विधायक लगातार क्रॉस वोटिंग करते दिखाई देते हैं। मध्यप्रदेश में भी कांग्रेस को यही डर सता रहा है। कांग्रेस को भाजपा पर आरोप लगाने से पहले अपने घर को ठीक करना चाहिए। अपनी कमजोरी पर पार पाए बिना वह भाजपा जैसी चतुर राजनीतिक टीम के सामने टिक पाएगी, यह कहना मुश्किल है। हालांकि मामला अभी चुनाव आयोग में लंबित है, लेकिन फैसला जो भी हो कांग्रेस सावधानी बरतती तो उसकी इस तरह से फजीहत नहीं होती। वहीं, कांग्रेस का कहना है कि तेलंगाना से जुड़े जिस मामले को लेकर विवाद खड़ा हुआ, वह अभी प्रारंभिक अवस्था में था और उसे शपथ पत्र में दर्ज करना कानूनी रूप से आवश्यक नहीं था। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और कानूनी विशेषज्ञों ने चुनाव आयोग के सामने यही तर्क रखा है। चुनावी राजनीति में कई बार तकनीकी त्रुटियां भी बड़े राजनीतिक संकट में बदल जाती हैं और विपक्ष इन्हें तुरंत मुद्दा बना लेता है। भाजपा की राजनीति की सबसे बड़ी ताकत उसकी तैयारी और आक्रामक रणनीति मानी जाती है। वह विपक्ष की छोटी से छोटी कमजोरी को भी बड़ा मुद्दा बनाने में देर नहीं करती। कांग्रेस यदि अब भी केवल भाजपा पर आरोप लगाने तक सीमित रहती है, तो यह उसकी रणनीतिक कमजोरी को ही दर्शाएगा। अंततः इस पूरे प्रकरण से कांग्रेस के लिए सबसे बड़ा सबक यही है कि राजनीति में लापरवाही की कोई जगह नहीं होती। चुनावी दस्तावेजों की एक छोटी कमी भी बड़े संकट में बदल सकती है। यदि कांग्रेस नामांकन से पहले पूरी कानूनी और तथ्यात्मक सावधानी बरतती, तो आज उसकी इस तरह सार्वजनिक फजीहत नहीं होती।

# विकसित भारत की यात्रा का स्वर्णिम कालखंड



केंद्र के 12 वर्ष

विष्णु देव साय

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत की विकास यात्रा के 12 वर्ष पूरे होना उस परिवर्तनकारी कालखंड का प्रतीक है, जिसने देश की दशा और दिशा को बदला है। वर्ष 2014 में देश ने एक ऐसे नेतृत्व पर विश्वास जताया, जिसने शासन को सत्ता का माध्यम नहीं, सेवा का संकल्प माना। आज जब हम पीछे मुड़कर देखते हैं, तो स्पष्ट दिखाई देता है कि इन 12 वर्षों में भारत ने सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण, राष्ट्रीय सुरक्षा, आत्मनिर्भरता और सांस्कृतिक आत्मविश्वास के क्षेत्र में ऐतिहासिक प्रगति की है।

प्रधानमंत्री जी ने 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' को केवल नारा नहीं रहने दिया, बल्कि इसे शासन की कार्यसंस्कृति बनाया। जन-धन योजना ने गरीबों को बैंकिंग व्यवस्था से जोड़ा, आधार और मोबाइल की जैम ट्रिनिटी ने सरकारी योजनाओं को पारदर्शी बनाया और डीबीटी ने लाभ सीधे हितग्राहियों के खाते तक पहुंचाया। इससे भ्रष्टाचार और बिचौलिया व्यवस्था पर प्रभावी रोक लगी। शासन पहली बार सचमुच अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंचा।

गरीब कल्याण इस दौर की सबसे बड़ी पहचान रहा है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के माध्यम से 81 करोड़ लोगों को निःशुल्क खाद्यान्न मिल रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना ने करोड़ों गरीब परिवारों को पक्का घर दिया। उज्ज्वला योजना ने माताओं-बहनों को धुएं से मुक्ति दिलाई। आयुष्मान भारत ने गरीब परिवारों को महंगे इलाज की चिंता से राहत दी। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि ने अन्नदाताओं को सीधी आर्थिक सहायता दी। ये योजनाएं केवल सरकारी घोषणाएं नहीं रहीं, बल्कि करोड़ों परिवारों के जीवन में सम्मान, सुरक्षा और विश्वास का आधार बनीं।

इन 12 वर्षों में भारत की अर्थव्यवस्था ने भी नई शक्ति प्राप्त की है। आत्मनिर्भर भारत अभियान ने देश को केवल उपभोक्ता बाजार नहीं रहने दिया, बल्कि उत्पादन, नवाचार और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला का मजबूत केंद्र बनाने की दिशा दी। मोबाइल निर्माण, इलेक्ट्रॉनिक्स, रक्षा उत्पादन, सेमीकंडक्टर, फार्मा और स्टार्टअप जैसे क्षेत्रों में भारत तेजी से आगे बढ़ा है। आज भारत दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में आत्मविश्वास के साथ खड़ा है। डिजिटल इंडिया ने भारत की शासन व्यवस्था और नागरिक जीवन को पूरी तरह बदल दिया है। यूपीआई ने डिजिटल भुगतान को आम आदमी के जीवन का हिस्सा बना दिया है। गांवों तक इंटरनेट और डिजिटल सेवाओं की पहुंच ने शासन को तेज, पारदर्शी और सुविधाजनक बनाया है। कोविड काल में कोविन प्लेटफॉर्म के माध्यम से टीकाकरण का सफल संचालन भारत की डिजिटल क्षमता का बड़ा उदाहरण रहा। आज भारत का डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर पूरी दुनिया के लिए मॉडल बन चुका है। आधारभूत संरचना के क्षेत्र में भी पिछले 12 वर्ष ऐतिहासिक रहे हैं। आधुनिक राष्ट्रीय राजमार्ग, एक्सप्रेस-वे, वंदे भारत ट्रेनें, नए एयरपोर्ट, मेट्रो नेटवर्क, अमृत भारत स्टेशन और बेहतर लॉजिस्टिक्स ने देश की गति बढ़ाई है। सड़क, रेल, हवाई और डिजिटल कनेक्टिविटी ने भारत के उन क्षेत्रों को भी विकास की मुख्यधारा से जोड़ा है, जो लंबे समय तक उपेक्षित रहे थे। यही कनेक्टिविटी विकसित भारत की मजबूत रीढ़ बन रही है।



छत्तीसगढ़ में भी विकसित भारत के मोदी जी के सपनों को साकार करने हमारी सरकार मिशन मोड पर कार्य कर रही है। इसके लिए हमने विकसित छत्तीसगढ़ का विजन डाक्यूमेंट बनाया है और इसके लिए लघुकालीन, मध्यकालीन और दीर्घकालीन लक्ष्य रखे हैं। प्रदेश के अर्थव्यवस्था का आकार वर्ष 2047 तक 15 गुना बढ़ाकर 75 लाख करोड़ करने का लक्ष्य हमने रखा है। छत्तीसगढ़ में 2023 में हुए विधानसभा चुनाव में हमें मोदी जी की गारंटी पर जनादेश मिला। महतारी वंदन योजना के तहत पात्र हितग्राही महिलाओं को एक हजार रुपये प्रति माह देकर महिला सशक्तिकरण का नया अध्याय लिखा जा रहा है। पहली ही कैबिनेट में हमारी सरकार ने 18 लाख प्रधानमंत्री आवास को मंजूरी देकर हमने अंत्योदय के मंत्र को चरितार्थ किया है। प्रदेश में 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी हो रही है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली है। हमने मोदीजी की गारंटियों को पूरा कर राजनीतिक प्रतिबद्धता को ऊंचाई प्रदान की है।

आंतरिक सुरक्षा के क्षेत्र में नक्सलवाद के विरुद्ध लड़ाई इस कालखंड की बड़ी उपलब्धियों में से एक है। वर्षों तक देश के अनेक आदिवासी और वनांचल क्षेत्र नक्सली हिंसा, भय और पिछड़ेपन के चक्र में फंसे रहे। प्रधानमंत्री जी के साहसिक नेतृत्व और केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी की सफल रणनीति के अनुसार डबल इंजन की सरकार में नक्सलवाद की जड़ों पर निर्णायक प्रहार हुआ। बस्तर, जिसे कभी नक्सल हिंसा के कारण जाना जाता था, आज विकास, विश्वास और बदलाव की नई पहचान बना रहा है। 31 मार्च 2026 तक माओवाद को समाप्त करने का संकल्प सरकार ने पूरा किया। जिन क्षेत्रों में कभी भय था, वहां अब स्कूल, सड़क, स्वास्थ्य सुविधा, मोबाइल कनेक्टिविटी, बैंकिंग सेवा और सरकारी योजनाएं पहुंच रही हैं।

राष्ट्रीय सुरक्षा के मोर्चे पर मोदी सरकार की नीति स्पष्ट रही है, राष्ट्रहित सर्वोपरि और आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस। ऑपरेशन सिन्दूर ने दुनिया को यह संदेश दिया कि नया भारत अपनी सुरक्षा से समझौता नहीं करता। सीमा सुरक्षा, आंतरिक सुरक्षा, नक्सलवाद और आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक नीति ने देशवासियों के मन में नया विश्वास पैदा किया है। इस तरह आंतरिक और बाह्य दोनों मोर्चों पर मोदी जी की सरकार में राष्ट्रीय सुरक्षा को सर्वोपरि रखकर काम किया है।

जनजातीय समाज के सम्मान और विकास को भी इन 12 वर्षों में राष्ट्रीय प्राथमिकता मिली है। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने का निर्णय केवल प्रतीकात्मक नहीं, बल्कि जनजातीय अस्मिता के सम्मान का ऐतिहासिक कदम है। पीएम जनमन योजना ने विशेष पिछड़ी जनजातियों की बस्तियों तक सड़क, बिजली, पानी, आवास, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाएं पहुंचाने का काम शुरू किया। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के माध्यम से जनजातीय गांवों के समग्र विकास की दिशा में ठोस प्रयास हो रहे हैं। छत्तीसगढ़ जैसे जनजातीय बहुल राज्य में इन योजनाओं का प्रभाव विशेष रूप से दिखाई दे रहा है। प्रदेश की बड़ी आबादी जनजातीय समाज से आती है। दूरस्थ अंचलों में रहने वाले परिवारों तक पहली बार योजनाएं व्यवस्थित रूप से पहुंच रही हैं। बस्तर और सरगुजा जैसे क्षेत्रों में वनोपज, पर्यटन, कौशल विकास और स्थानीय उद्यमिता के माध्यम से आजीविका के नए अवसर तैयार हो रहे हैं। यह विकास केवल सड़क और भवन का विकास नहीं है, बल्कि आत्मसम्मान, भागीदारी और भरोसे का विकास है।

महिला सशक्तिकरण भी मोदी सरकार के 12 वर्षों की प्रमुख उपलब्धि रही है। उज्ज्वला, जन-धन, स्वच्छ भारत, जल जीवन मिशन और मातृशक्ति से जुड़ी योजनाओं ने महिलाओं के जीवन को सरल बनाया। नारी शक्ति वंदन संशोधन विधेयक के जरिये देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था में महिलाओं की भागीदारी को नई दिशा देने का प्रयास हुआ। जब महिला सशक्त होती है, तो परिवार, समाज और राष्ट्र तीनों मजबूत होते हैं।

अयोध्या में प्रभु श्री राम मंदिर का निर्माण, काशी विश्वनाथ धाम का पुनर्विकास और केदारनाथ धाम पुनर्निर्माण परियोजना जैसे कार्यों ने विकास भी, विरासत भी की अवधारणा को साकार किया है। योग, आयुर्वेद और भारतीय परंपराओं को विश्व स्तर पर नई प्रतिष्ठा मिली है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में बीते 12 वर्ष सेवा, सुशासन और संकल्प के वर्ष रहे हैं। इन वर्षों ने यह सिद्ध किया है कि मजबूत नेतृत्व, स्पष्ट नीति और जनभागीदारी से देश की दिशा बदली जा सकती है। गरीबी से मुक्ति, नक्सलवाद पर निर्णायक प्रहार, जनजातीय विकास, डिजिटल क्रांति, आधुनिक अवसंरचना और सांस्कृतिक आत्मविश्वास सबने मिलकर विकसित भारत की मजबूत नींव रखी है। आज भारत केवल आगे नहीं बढ़ रहा, बल्कि आत्मविश्वास के साथ दुनिया को दिशा भी दे रहा है। मुझे पूर्ण विश्वास है, कि प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में विकसित भारत 2047 का संकल्प अवश्य सिद्ध होगा।

## सारा संसार



अरब सागर के पानी से घिरा हुआ 'कोलाबा किला या अलीबाग फोर्ट' अलीबाग का एक प्रसिद्ध पर्यटक स्थल और महाराष्ट्र का प्रमुख किला है। महाराष्ट्र के प्रसिद्ध किले में शामिल कोलाबा फोर्ट एक 300 साल पुराना किला है, जो कभी शिवाजी महाराज के शासन के दौरान मुख्य नौसेना स्टेशन था।

## शिव का कोई आरंभ और अंत नहीं



संकलित

दर्शन

शिव तत्व के बारे में बात करना बहुत कठिन है क्योंकि इसे केवल महसूस किया जा सकता है। शब्द बहुत निकट जाते हैं लेकिन वापस लौट आते हैं। क्या शिव कोई सत्ता है? क्या उसका कोई रूप है? क्या वह किसी स्थान पर विराजमान कोई व्यक्ति है? नहीं, शिव संपूर्ण ब्रह्मांड हैं। शिव तत्व वह है जहां से सब कुछ आया है, सब कुछ स्थित है और जिसमें सब कुछ विलीन हो जाता है। ऐसा कोई मार्ग नहीं है कि आप किसी भी समय शिव तत्व से बाहर निकल सकें क्योंकि शिव ही संपूर्ण सृष्टि हैं। शिव विश्वरूप हैं, जिसका अर्थ है कि संपूर्ण ब्रह्मांड उनका रूप है और फिर भी वे निराकार या अरूप हैं। आप ब्रह्मांड की आदि ध्वनि ओम् की गहराई में जाकर उसे जान सकते हैं। आप शिव को कैसे समझ सकते हैं? केवल ध्यान के माध्यम से। शिवरात्रि से जुड़ी एक सुंदर कथा है। एक बार ब्रह्मांड के निर्माता ब्रह्मा और ब्रह्मांड के संरक्षक विष्णु दोनों शिव के विस्तार को जानना चाहते थे। ब्रह्मा ने कहा, 'मैं ऊपर जाऊंगा और उनके मस्तक की खोज करूंगा और तुम उसके चरण ढूंढोगे।' हजारों वर्षों तक विष्णु शिव के पैरों को खोजने के लिए नीचे की ओर यात्रा करते रहे और ब्रह्मा उनके सिर को खोजने के लिए ऊपर की ओर गए, लेकिन उन्हें वह नहीं मिला। अंततः वे दोनों मध्य में मिले और कहा कि वे भी उन्हें नहीं खोज सके। शिव का कोई आरंभ और कोई अंत नहीं है।

## ईमानदारी और आत्म सम्मान के साथ जीएं



संकलित

प्रेरणा

एक सेठ अपने नौकर के साथ ऊंट खरीदने गया। उसने मंडी में एक ऊंट पसंद किया और उसे खरीदकर अपने घर लेकर आ गया। सेठ ने ऊंट की पीठ से गादी हटाई तो वहां एक पोटली दिखाई दी। उस पोटली में देखा तो उसमें हीरे थे। सेठ समझ गया कि ये हीरे ऊंट के पुराने मालिक के हैं, जिससे ऊंट खरीदा है। पोटली में हीरे देखकर नौकर ने कहा कि हमें तो ऊंट के साथ हीरे भी मिल गए हैं। सेठ ने नौकर से कहा कि हमने तो सिर्फ ऊंट खरीदा है, हीरे नहीं, इसलिए ये पोटली ऊंट के व्यापारी को वापस देनी होगी। अगले दिन सेठ ऊंट बेचने वाले व्यापारी के पास पहुंच गया और हीरों की थैली लौटा दी। ऊंट के व्यापारी ने कहा कि आप तो बहुत ईमानदार हैं। ये कीमती हीरे हैं, मैं रखकर भूल गया था। आपकी नीयत एकदम साफ है। अपनी ईमानदारी के लिए आप इसमें से एक हीरा रख लीजिए। सेठ ने कहा कि मुझे ये हीरा नहीं चाहिए। मैंने किसी भेंट के लिए ये पोटली आपको नहीं दी है। मेरा कर्तव्य था, मैंने आपको ये थैली दे दी। जब हीरों के मालिक ने बार-बार निवेदन किया तो सेठ ने कहा कि मैंने पहले से ही दो हीरे रख लिए हैं। ये बात सुनते ही हीरों के मालिक को गुस्सा आ गया। हीरों के मालिक ने तुरंत ही पोटली में से हीरे निकाल कर गिनना शुरू कर दिए। उस थैली में 50 हीरे थे। हीरों के मालिक ने कहा कि थैली में तो पूरे हीरे हैं, आप किन दो हीरों की बात कर रहे हैं। ऊंट खरीदने वाले सेठ ने कहा कि मेरे ये दो हीरे हैं ईमानदारी और आत्म सम्मान। ये दो हीरे मैंने पहले से बचाकर रखे हैं, इसलिए आपके पूरे 50 हीरे आपको वापस मिल गए है।

राष्ट्र सेवा

कैप्टन अभिमन्यु



# नए भारत के निर्माण का स्वर्णिम अध्याय

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों का कालखंड भारतीय इतिहास में विकास, सुशासन, राष्ट्रीय गौरव और जनकल्याण के नए आयाम स्थापित करने वाला स्वर्णिम अध्याय बन गया है। वर्ष 2014 में "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास" के मंत्र के साथ प्रारंभ हुई यह यात्रा आज विकसित भारत के संकल्प की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है। इन 12 वर्षों में भारत ने अनेक ऐतिहासिक उपलब्धियां प्राप्त की हैं, जिन्होंने देश को आत्मनिर्भर, सशक्त और विश्व पटल पर प्रभावशाली राष्ट्र के रूप में स्थापित किया है। कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाकर राष्ट्रीय एकता को नई मजबूती प्रदान की गई। सदियों की प्रतीक्षा के बाद अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण संभव हुआ, जिसने देश की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक चेतना को नई ऊर्जा दी। डिजिटल इंडिया अभियान ने देश में तकनीकी क्रांति का मार्ग प्रशस्त किया। आज यूपीआई, डिजिटल भुगतान और ई-गवर्नेंस के माध्यम से भारत दुनिया के अग्रणी डिजिटल देशों में शामिल हो चुका है। जन धन योजना, आधार और मोबाइल के त्रिशक्ति मॉडल ने करोड़ों लोगों को वित्तीय समावेशन से जोड़ा। गरीब, किसान, महिला और युवा कल्याण को केंद्र में रखते हुए अनेक ऐतिहासिक योजनाएं लागू की गईं। प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से करोड़ों परिवारों को पक्के घर मिले, उज्ज्वला योजना से माताओं-बहनों को धुएं से मुक्ति मिली, आयुष्मान भारत योजना ने गरीब परिवारों को स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान की तथा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के माध्यम से किसानों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई गई। स्वच्छ भारत मिशन ने जन आंदोलन का रूप लेकर देशभर में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाई। जल जीवन मिशन के माध्यम से करोड़ों ग्रामीण परिवारों तक नल से जल पहुंचाया गया। वहीं, हर घर बिजली, हर घर शौचालय और हर घर बैंक खाता जैसे संकल्प धरातल पर साकार हुए। आत्मनिर्भर भारत अभियान ने देश को उत्पादन, नवाचार और रोजगार के क्षेत्र में नई दिशा प्रदान की। मेक इन इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, मुद्रा योजना और पीएम विश्वकर्मा जैसी पहलों ने उद्यमिता को नई पहचान दी। रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता बढ़ाते हुए भारत ने स्वदेशी रक्षा उत्पादन को अभूतपूर्व गति दी। विदेश नीति के क्षेत्र में भी भारत ने नई ऊंचाइयां हासिल की हैं। जी-20 की सफल अध्यक्षता, वैश्विक मंचों पर भारत की बढ़ती भूमिका तथा "वसुधैव कुटुम्बकम्" के संदेश ने विश्व समुदाय में भारत की प्रतिष्ठा को और मजबूत किया है। आज भारत विश्व की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है और विकसित भारत-2047 के लक्ष्य की ओर दृढ़ता से आगे बढ़ रहा है।

## विश्व रक्तदाता दिवस (14 जून) पर विशेष

# भ्रांतियों को मिटाएं, रक्तदान को आगे आएं, लोगों की जान बचाएं

### 'मानवता की एक बूँद, रक्तदान करें-जीवन बचाएं' थीम पर मनेगा दिवस



लेखक - मुकेश शर्मा

हिन्दी दैनिक अमन लेखनी लखनऊ

रक्त एक ऐसी चीज है, जिसे किसी लैब में निर्मित नहीं किया जा सकता है, जबकि रक्त की सबसे अधिक जरूरत आपात स्थितियों, शल्य क्रिया, कैंसर या गंभीर बीमारियों के मरीजों और प्रसव के दौरान पड़ती है। अस्पतालों के ब्लड बैंक की हरसम्भव कोशिश रहती है कि उनके यहाँ कभी कोई ऐसी स्थिति न आने पाए कि रक्त के अभाव में किसी के साँसों की डोर टूटने पाए। इसके लिए वह समय-समय पर लोगों को नियमित स्वैच्छिक रक्तदान के लिए प्रेरित करते रहते हैं और जगह-जगह शिविर आयोजित करते हैं। इन प्रयासों का सिर्फ और सिर्फ एक ही मूल मकसद होता है आपात स्थितियों में लोगों के प्राणों की रक्षा करना। रक्तदान के प्रति समुदाय में जागरूकता की अलख जगाने और समय-समय पर रक्तदान के लिए निःस्वार्थ भाव से आगे आने वाले रक्तदाताओं के प्रति शुक्रिया अदा करने के लिए ही हर साल 14 जून को विश्व रक्तदाता दिवस मनाया जाता है। इस साल इस खास दिवस की थीम 'मानवता की एक बूँद, रक्तदान करें-जीवन बचाएं' तय की गयी है। इस दिवस को नोबेल पुरस्कार विजेता कार्ल लैंडस्टीनर की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है, उन्होंने ही रक्त समूहों की खोज की थी।

18 साल से अधिक उम्र का कोई भी व्यक्ति जिसका वजन 50 किलोग्राम के करीब है, वह स्क्रीनिंग के बाद रक्तदान कर सकता है। जरूरी जांच-परख के बाद ही रक्त लिया जाता है ताकि गंभीर बीमारी से ग्रसित किसी व्यक्ति या संक्रमित का रक्त ब्लड बैंक तक न पहुँचने पाए। सर्दी, फ्लू, गले में खराश, बुखार, पेट की खराबी या किसी अन्य संक्रमण की स्थिति में वैसे भी लोगों को रक्तदान से बचना चाहिए। दान किये गए रक्त की हर यूनिट को लाल रक्त कोशिकाओं, प्लाज्मा और प्लेटलेट्स सहित कई वर्गों में विभाजित किया जा सकता है। इस तरह एक व्यक्ति द्वारा दान किया गया रक्त कई लोगों के काम आ सकता है। शरीर में करीब पांच लीटर रक्त होता है। कोई भी स्वस्थ व्यक्ति एक बार में करीब 450 मिली लीटर रक्तदान कर सकता है, जिसकी भरपाई शरीर 24 से 48 घंटे में खुद कर लेती है। एक बार रक्तदान कर देने वाला करीब आठ सप्ताह तक दोबारा रक्तदान नहीं कर सकता है। रक्त के अलग-अलग समूह होते हैं, जिनमें कुछ अति दुर्लभ किस्म के होते हैं, जिनके रक्तदाताओं की पहचान कर उनसे बराबर सम्पर्क में रहने की जरूरत होती है ताकि किसी विषम परिस्थिति में उनसे सम्पर्क कर रक्तदान की अपील की जा सके।

रक्तदान को लेकर समुदाय में तरह-तरह की भ्रांतियां भी मौजूद हैं, जिस कारण से लोग रक्तदान को आगे आने से कतराते हैं। आज के दिन उन्हीं भ्रांतियों को जड़ से खत्म करने की जरूरत है। लोगों में भ्रम है कि रक्तदान से कमजोरी आती है, जबकि ऐसा कतई नहीं है। स्वस्थ लोगों को ऐसी कोई समस्या नहीं होती, ज्यादा से ज्यादा किसी को मामूली चक्कर आ सकता है, इसीलिए रक्तदान के बाद थोड़ी देर आराम करने और तरल पदार्थ के सेवन की सलाह दी जाती है। कुछ लोग सोचते हैं कि एक बार उनके रक्तदान कर देने से क्या ही फर्क पड़ने वाला है, जबकि ब्लड की एक-एक बूँद बहुमूल्य है। इसलिए जब भी किसी को भी मौका मिले वह इस पुण्य का लाभ जरूर कमायें। लोगों को यह भी जानना चाहिए कि नियमित रूप से रक्तदान करने से हृदय से जुड़ी बीमारियों का जोखिम कम होता है और शरीर में नई ऊर्जा का संचार भी होता है।

आज के इस खास दिवस का मूल मकसद समाज में लोगों को रक्तदान के लिए जागरूक और प्रेरित करना है ताकि किसी भी मुसीबत में फंसे अपने ही नहीं पराये को भी समय से सुरक्षित रक्त मिल सके और उनके प्राणों की रक्षा की जा सके। इस दिवस पर प्रण लेने की जरूरत है कि हम समय-समय पर रक्तदान कर महादानी बनने का गौरव हासिल करेंगे। इसके साथ ही आज उन महादानियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करने और सम्मानित करने का भी दिन है जिनके दान की बदौलत हर साल न जाने कितने लोगों के प्राणों की रक्षा की जाती है, ताकि उनसे प्रेरित होकर अन्य लोग भी खुशी-खुशी रक्तदान के लिए आगे आयें। ब्लड बैंक में हर वक्त पर्याप्त मात्रा में रक्त का भण्डार सुनिश्चित किया जा सके।

(लेखक पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर हैं)

## X ट्रेंड f

### नए मानक स्थापित



पीएम नरेंद्र मोदी का नेतृत्व संकल्प से सिद्धि और सेवा से सुशासन तक की यात्रा का प्रतीक है। उनके नेतृत्व में भारत ने आत्मविश्वास, विकास और वैश्विक प्रतिष्ठा के नए मानक स्थापित किए हैं।

-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### भारत भाग्य विधाता



अभिनेत्री और सांसद कंगना रनौत की फिल्म 'भारत भाग्य विधाता' उन बहादुर डॉक्टरों, नर्सों और हेल्थकेयर वर्कर्स के साहस, सेवा-भाव और कर्तव्य के प्रति समर्पण को दिखाती है, जिन्होंने 26/11 के आतंकी हमलों के दौरान मानवता की सेवा में खुद को समर्पित कर दिया था।

- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

### फर्टिलाइजर विरासत



असम की फर्टिलाइजर (खाद) विरासत को आगे बढ़ाने से लेकर उसके भविष्य को आकार देने तक, नामरूप एक ऐतिहासिक बदलाव के लिए तैयार है। 10,601 करोड़ का नामरूप अमोनिया-यूरिया फर्टिलाइजर कॉम्प्लेक्स खेती की उत्पादकता बढ़ाएगा।

- हिमंत बिस्वा सरमा, सीएम, असम

### विकास की गति



आज नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्रियों के साथ बहुत ही सार्थक बैठकें कीं। इन बैठकों का मकसद प्रधानमंत्री मोदी के विजन के अनुरूप पश्चिम बंगाल के विकास की गति को तेज करना और राज्य की जनता तक प्रतीक्षित लाभ सीधे पहुंचाना था।

- सुवेंदु अधिकारी, सीएम, पश्चिम बंगाल

## संक्षेप

### गैंगेस्टर एक्ट में वांछित आरोपी गिरफ्तार

**झारखंड का शातिर अभियुक्त, गोकशी का भी आपराधिक इतिहास**

अमेठी , पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल की है। थाना रामगंज पुलिस ने गैंगेस्टर एक्ट में वांछित चल रहे 23 वर्षीय अभियुक्त आकाश कुमार चौधरी को गिरफ्तार किया है। यह अभियुक्त झारखंड के हजारीबाग का निवासी है और गोकशी के मामले में भी वांछित था। पुलिस अधीक्षक सरवणन टी के निर्देशन और सीओ अमेठी मनोज कुमार मिश्र के नेतृत्व में एक टीम ने मुखबिर की सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए आकाश चौधरी को हिरासत में लिया। अभियुक्त का पूरा नाम आकाश कुमार चौधरी पुत्र पुनीत महतो है, जो घसकोड़ी, थाना बरकटा, जनपद हजारीबाग, झारखंड का रहने वाला है। पुलिस जांच में सामने आया है कि गिरफ्तार अभियुक्त का आपराधिक इतिहास रहा है। उसके खिलाफ थाना रामगंज में मु0अ0सं0 104/2025 धारा 109, 132, 61(2) बीएनएस व 3/5(क)/8 उत्तर प्रदेश गोवध निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज है। इस कार्रवाई को निरीक्षक कृष्ण मोहन सिंह के नेतृत्व में उपनिरीक्षक दयाराम कनौजिया, हेड कांस्टेबल बालेन्द्र यादव और हेड कांस्टेबल हेमन्त कुमार की टीम ने अंजाम दिया। पुलिस अब अभियुक्त से पूछताछ कर उसके गैंग के अन्य सदस्यों और आपराधिक गतिविधियों के बारे में विस्तृत जानकारी जुटा रही है।

### दलालों पर एआरटीओ वाहन में तोड़फोड़ का आरोप

**अमेठी में 8 के खिलाफ केस दर्ज, आरोपियों की तलाश में पुलिस**

अमेठी ,एआरटीओ की गाड़ी में तोड़फोड़ के मामले में पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। एआरटीओ की तहरीर पर आठ नामजद और कई अज्ञात लोगों के खिलाफ गौरीगंज थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है।

# तेजवापुर में सेवा, सुशासन और सम्मान का संदेश देगा तीन दिवसीय जनकल्याण अभियान

**केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर तेजवापुर में आज से आयोजन**

**आवास लाभार्थियों को सौंपी जाएंगी चाबियां**

अमन लेखनी समाचार

संतोष मिश्रा



बहराइच। संवाददाता। केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर विकास खंड तेजवापुर में रविवार से तीन दिवसीय समेकित जनकल्याण एवं जन-जागरूकता अभियान का शुभारंभ होगा। 14 से 16 जून तक चलने वाले इस विशेष अभियान के माध्यम से आमजन को केंद्र एवं प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी तथा पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए पंजीकरण एवं सहायता प्रदान की जाएगी। खंड विकास अधिकारी प्रतीक ने बताया कि अभियान का आयोजन सेवा, सुशासन, संस्कार एवं सम्मान की भावना के साथ किया जा रहा है। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को आवास की चाबियां और स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरित किए जाएंगे। साथ ही विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित लोगों की सफलता की कहानियों को भी साझा किया जाएगा। अभियान स्थल पर कृषि, ग्राम्य विकास, सहकारिता, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, पशुपालन, बाल विकास, शिक्षा, विद्युत, खाद्य एवं रसद, बैंकिंग सेवाएं तथा आधार पंजीकरण समेत कई विभागों के स्टॉल लगाए जाएंगे। इन स्टॉलों पर विशेषज्ञों द्वारा योजनाओं की जानकारी देने के साथ आवश्यक सेवाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी। समाज कल्याण विभाग की ओर से मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के लिए पात्र लाभार्थियों का पंजीकरण और सत्यापन भी किया जाएगा। इसके अतिरिक्त तेजवापुर और महसी विकासखंड के ग्राम प्रधानों को प्रशासक प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे। बीडीओ ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना, पात्र लोगों को लाभ से जोड़ना तथा जनजागरूकता बढ़ाना है। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं और बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भागीदारी रहने की संभावना है।

# मोतीपुर थाने में मोहर्रम के दृष्टिगत आयोजित हुई पीस कमेटी की बैठक

**गाइडलाइन का पालन करते हुए आपसी सौहार्द और शांति के साथ त्योहार मनाने की अपील**

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल



मोतीपुर, बहराइच। थाना मोतीपुर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई जिसमें त्योहारों में शांति व्यवस्था कायम रखने तथा हर्षोल्लास के साथ पर्व मनाने के लिए लोगों को सरकार की गाइडलाइन से अवगत कराया गया। आगामी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से शनिवार को मोतीपुर थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी मिहींपुरवा एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रदुम्न सिंह ने की। बैठक में उपस्थित धर्मगुरुओं, ग्राम प्रधानों, गणमान्य नागरिकों तथा ताजियादारों से प्रशासनिक अधिकारियों ने संवाद करते हुए शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की। अधिकारियों ने कहा कि मोहर्रम का पर्व आपसी भाईचारे और सद्भाव का प्रतीक है, इसलिए सभी लोग मिल-जुलकर शांति एवं सौहार्द के साथ त्योहार मनाएं तथा किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें। उपजिलाधिकारी एवं क्षेत्राधिकारी ने कहा कि जुलूस एवं अन्य कार्यक्रम निर्धारित मार्ग और समय के अनुसार ही आयोजित किए जाएं। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस एवं प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। किसी भी समस्या की जानकारी तत्काल स्थानीय प्रशासन को देने की अपील की गई। थानाध्यक्ष मोतीपुर आनंद चौरसिया ने कहा कि त्योहार के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के पर्याप्त इंतजाम किए जाएंगे। उन्होंने सभी लोगों से सहयोग की अपेक्षा करते हुए सामाजिक सौहार्द बनाए रखने का आह्वान किया। बैठक में मिहीपुरवा चौकी प्रभारी अशोक सिंह, क्षेत्र के ग्राम प्रधान, संभ्रांत नागरिक, ताजियादार एवं विभिन्न समुदायों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। सभी ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने तथा शांतिपूर्ण ढंग से मोहर्रम मनाने का भरोसा दिलाया।

# समिति स्थापना दिवस पर लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

**आदर्श समाज सेवा समिति ने मनाया 24वां स्थापना दिवस**

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। प्रसिद्ध समाजसेवी संस्था आदर्श समाज सेवा समिति ने शनिवार को अपना 24वां स्थापना दिवस पर्यावरण संरक्षण संकल्प दिवस के रूप मे मनाया। सीमावर्ती कस्बा रुपईडीहा में समिति महामंत्री जगराम वर्मा के प्रतिष्ठान पर आयोजित एक गोष्ठी में समिति के 24वें स्थापना दिवस पर उपस्थित सभी समिति पदाधिकारियों ने सामूहिक रूप से नशा उन्मूलन व पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। समिति अध्यक्ष प्रतिनिधि संतोष मिश्रा ने कहा कि समिति हमेशा एकता सुरक्षा और विकास के सिद्धांतों पर काम करती आ रही है। महामंत्री जगराम वर्मा ने सभी समिति पदाधिकारियों से एकजुट होकर समिति के सामाजिक सरोकार से जुड़े मुद्दों पर काम करने की अपील की। इस मौके पर समिति उपाध्यक्ष श्याम कुमार सिंह, संगठन मंत्री बद्री सिंह, सचिव शेरसिंह कसौधन, जिलाध्यक्ष विनोद गिरि, जिला उपाध्यक्ष मो. कौसर, ब्लॉक अध्यक्ष रामदीन गौतम सहित राम सूरत यादव, शाहिद हुसैन, आशुतोष मिश्रा, राम बरन वर्मा, अम्बर लाल वर्मा आदि मौजूद रहे।

# राम नरेश पांडेय बने अध्यक्ष, वंश गोपाल जायसवाल बने महामंत्री

**नानपारा अधिवक्ता एसोसिएशन का चुनाव हुआ संपन्न**

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल



बहराइच। नानपारा तहसील में अधिवक्ताओं का चुनाव सकुशल संपन्न हुआ इस दौरान विजय हुए अधिवक्ताओं का फूल मालाओं से स्वागत कर उनका सम्मान किया गया इस दौरान जश्न का माहौल रहा। तहसील अधिवक्ता एसोसिएशन नानपारा में शुक्रवार को नई कार्यकारिणी के गठन के लिए चुनाव सकुशल संपन्न हुआ। जिसमें अध्यक्ष ,महासचिव , वरिष्ठ उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष पद पर चुनाव हुए, शेष सभी पदों पर निर्विरोध प्रत्याशी चुने जा चुके हैं। 245 अधिवक्ता मतदाताओं में 242 मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया अध्यक्ष पद पर राम नरेश पांडे को 192 मत ,दीप कुमार वर्मा को 92, मोहम्मद अरशद को 11 मत जबकि एक मत अवैध रहा। महामंत्री पद पर वंश गोपाल को 108 जैगम हुसैन को 71 राम निवास वर्मा 59 मत प्राप्त हुए जबकि चार मत अवैध रहा। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर नन्द लाल जायसवाल को 174 परशुराम मिश्रा को 67 जबकि एक मत अवैध रहा। कोषाध्यक्ष पर राहत अली को 128 घनश्याम वर्मा को 110 जबकि चार मत अवैध रहा। उपाध्यक्ष मध्य के दो पदों पर राजेश कुमार लाल मोहम्मद खान, कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद परराजेश कुमार यादव, संयुक्त सचिव प्रकाशन पर प्रमोद कुमार गुप्ता, संयुक्त सचिव प्रकाशन पर निलेश कुमार श्रीवास्तव,संयुक्त सचिव पुस्तकालय पर जीवन लाल त्रिपाठी, सदस्य वरिष्ठ समिति पर चित्रा श्रीवास्तव, जसवंत मिश्रा, दिलीप कुमार श्रीवास्तव मनीष मिश्रा, राजेन्द्र श्रीवास्तव विनीत श्रीवास्तव सदस्य कनिष्ठ समिति पर अरविंद कुमार वर्मा आदर्श श्रीवास्तव ओमप्रकाश सोनकर फैजान अहमद जाकिर अली मिथिलेश आंनद पांडे निर्विरोध निर्वाचित हुए मतदान व मतगणना के दौरान प्रत्याशियों के समर्थकों में काफी उत्साह रहा। इस मौके पर चुनाव समिति के रूप नारायण जायसवाल, सुंदर लाल सहित काफी संख्या में लोगों ने माल्यार्पण कर बधाई शुभकामनाएं दी।

# प्रमुख सचिव ने एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत रोपित किया पौध

अमन लेखनी समाचार

संतोष मिश्रा



बहराइच। प्रमुख सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग उत्तर प्रदेश वी. हेकाली झिमोमी नें प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) उत्तर प्रदेश अनुराधा वेमुरी के साथ शुक्रवार शाम बहराइच वन प्रभाग के बहराइच रेन्ज में स्थित कटहा ग्राम समाज भूमि प्लांटेशन साइट वर्ष 2024-25 का निरीक्षण कर मौके पर मौजूद प्रभागीय वनाधिकारी बहराइच सुंदरेशा से आवश्यक जानकारी प्राप्त की। प्रमुख सचिव श्रीमती झिमोमी ने अन्य अधिकारियों के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अपील के अनुसारह्यएक पेड़-माँ के नाम अभियान के तहत पौध का रोपण भी किया। प्रमुख सचिव श्रीमती झिमोमी ने अन्य अधिकारियों के साथ भेड़िया प्रभावित क्षेत्र का भ्रमण कर ग्रामवासियों तथा बहराइच वन प्रभाग के वन्य जीव मित्रों से संवाद करते हुए वन्य जीवों से बचाव के उपायों के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए कहा कि सजगता व सतर्कता बनाये रखें। आमजन को सुझाव दिया कि जिला प्रशासन, वन विभाग तथ वन्य जीव विशेषज्ञों द्वारा दिये जा रहे सुझावों पर अमल करें। प्रमुख सचिव ने वन्य जीव मित्रों को टी-शर्ट व कैप वितरित कर उत्साहवर्द्धन किया। इस अवसर पर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) उत्तर प्रदेश अनुराधा वेमुरी, देवीपाटन मण्डल के वन संरक्षक डॉ. सेम्मारन एम, बहराइच वन प्रभाग के प्रभागीय वनाधिकारी सुंदरेशा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# हर्षित कुमार वर्मा का आईआईटी रुड़की में हुआ चयन, क्षेत्र का नाम किया रोशन

**परिजनों व ग्रामीणों में प्रसन्नता**

अमन लेखनी समाचार



शिवपुर, बहराइच। जिले के थाना कोतवाली नानपारा अंतर्गत गोकुलपुर, चंदनपुर निवासी हर्षित कुमार वर्मा, पुत्र सुरेन्द्र कुमार वर्मा, का चयन देश के प्रतिष्ठित संस्थान IIT रूडकी में M.Tech (कण्ट्रोल एंड इंस्ट्रूमेंटेशन) हेतु हुआ है। इसके साथ ही वे GATE 2026 (इंस्ट्रूमेंटेशन इंजीनियरिंग) में ऑल इंडिया रैंक 405 प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन कर चुके हैं।

हर्षित ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा जवाहर नवोदय विद्यालय बहराइच से प्राप्त की। उन्होंने कक्षा 10 (2017) में 92.6% तथा कक्षा 12 (2019) में 94.6% अंक हासिल किए। इसके बाद उन्होंने गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज कन्नौज से B.Tech (इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग) की पढ़ाई पूरी की।

गेट में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर उनका चयन IIT रूडकी में हुआ। साथ ही उन्होंने भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड की प्रोबशनरी इंजीनियर भर्ती परीक्षा में 54.75 अंक प्राप्त किए, जो सामान्य वर्ग की 50.75 अंक की कट-ऑफ से अधिक है। इसके परिणामस्वरूप वे साक्षात्कार चरण के लिए शॉर्टलिस्ट हुए हैं।

हर्षित की इस उपलब्धि से परिवार, गुरुजनों और क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है। उनके पिता सुरेन्द्र कुमार वर्मा ने इसे बेटे की मेहनत और समर्पण का परिणाम बताया। शिक्षकों ने भी हर्षित को परिश्रमी एवं प्रतिभाशाली छात्र बताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

एक छोटे से गांव से निकलकर नवोदय विद्यालय, राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज और अब IIT रूडकी तक का सफर तय कर हर्षित ने यह सिद्ध कर दिया है कि दृढ़ संकल्प और निरंतर मेहनत से बड़े लक्ष्य हासिल किए जा सकते हैं। इससे ग्रामीणाचंलों के प्रतिभावान छात्रों को सीख अवश्य मिलेगी।

# थारू बाहुल्य गांव बिशुनापुर का प्रमुख सचिव वी. हेकाली झिमोमी ने किया भ्रमण

**प्रकृति व्याखयान केन्द्र में मण्डल के अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक**

**अवेरनेस सेन्टर में सेल्फी प्वाईन्ट का किया उद्घाटन**

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल

बहराइच। प्रमुख सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग उत्तर प्रदेश वी. हेकाली झिमोमी नें प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) उत्तर प्रदेश श्रीमती अनुराधा वेमुरी के साथ कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के नावघाट स्थित प्रकृति व्याखयान केन्द्र में देवीपाटन मण्डल के समस्त वन प्रभागों की विभागीय समीक्षा के पश्चात ईको अवेरनेस सेन्टर में सेल्फी प्वाईन्ट का उद्घाटन किया। तत्पश्चात कतर्नियाघाट रेंज के थारू बाहुल्य गांव बिशुनापुर में ईको विकास समिति बिशुनापुर में महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार हस्तशिल्प और जूट के बने उत्पादों का अवलोकन किया तथा डब्लू डब्लू एफ इंडिया एवं ग्रामीण स्वयं रोजगार प्रशिक्षण संस्थान बहराइच द्वारा 12 दिवसीय प्रशिक्षण के समापन अवसर पर प्रशिक्षाणर्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किया।

इसके पश्चात प्रमुख सचिव व प्रधान मुख्य वन संरक्षक ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित इको विकास समिति योजना अन्तर्गत ग्राम विशुनापुर इको विकास समिति के सदस्यों, वन विभाग व डब्लूडब्लूएफ द्वारा तैयार किये गये पांच वर्षीय माइक्रोप्लान का संयुक्त रूप से विमोचन किया गया। इस अवसर पर प्रमुख सचिव व प्रधान मुख्य वन संरक्षक ने मानव वन्यजीव संघर्ष कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सामुदायिक कार्यकताओं बाघ मित्रों एवं गज मित्रों से संवाद करते हुए मानव वन्यजीव संघर्ष को कम करने हेतु किये जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि हमें वन्य जीवों के संरक्षण के लिए आमजनमानस को जागरूक करना होगा। जनजागरूकता तथा वन्य जीव संरक्षण के जिम्मेदार सभी स्टेक होल्डर्स के प्रयायों से ही मानव वन्य जीव संघर्ष को रोका जा सकता है।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए डब्लूडब्लूएफ इंडिया के वरिष्ठ परियोजना अधिकारी दबीर हसन ने बताया कि वनों के समीप स्थित गांवों में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा इको विकास समिति योजना संचालित की जा रही है। जिसके अंतर्गत स्थानीय समुदाय को जैव विविधता संरक्षण में समुचित भागीदारी जैसे वनों पर निर्भरता कम करने हेतु वैकल्पिक संसाधनों का प्रयोग, रोजगार के अवसरों में स्थानीय समुदाय के पारंपरिक ज्ञान का प्रयोग, मानव वन्यजीव सह अस्तित्व को बढ़ावा देना, वनों एवं वन्यजीवों के संरक्षण हेतु जागरूकता तथा कृषि गतिविधियों में सुधार के साथ उनके शिक्षा एवं अन्य विकास कार्यक्रमों को लागू करना परियोजना का मुख्य उद्देश्य है।

फील्ड डायरेक्टर दुधवा टाईगर रिजर्व डॉ एच. राजामोहन ने कहा कि दुधवा टाईगर रिजर्व में समुदाय आधारित वन्यजीव प्रबंधन अंतर्गत कार्यक्रम के परिणाम स्वरूप वन्य जीवों की संख्या में वृद्धि हो रही है और मानव वन्यजीव संघर्ष नियंत्रण में भी स्थानीय लोगों का सहयोग प्राप्त हुआ है। भविष्य में दुधवा टाईगर रिजर्व के सभी प्रभागों में ईको विकास समितियों को मजबूत किया जाएगा जिसमें डब्लू डब्लू एफ इंडिया की सहयोगी भूमिका रहेगी। प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्य जीव ने कहा कि समुदाय आधारित कार्यक्रमों में महिलाओं और जनजातियों की भूमिका अग्रणी रहेगी तथा उनके परंपरागत ज्ञान का उपयोग कर रोजगार से जोड़ा जाएगा।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्रमुख सचिव श्रीमती झिमोमी ने सामुदायिक स्तर पर किए जाने वाले कार्यों में और तेजी लाने के निर्देश दिये तथा शासन की मंशा के अनुरूप ग्रामीण स्तर पर वन क्षेत्र के लोगों के उत्थान हेतु विभिन्न सरकारी कार्यक्रमों से अधिक से अधिक लाभ दिलाने हेतु अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। प्रभागीय वनाधिकारी कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग अपूर्व दीक्षित ने कहा कि वर्तमान समय में वन्यजीव प्रभाग के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा मानव वन्यजीव संघर्ष प्रभावित गांवों में जागरूकता बैठक आयोजित कर ग्रामीणों की समस्याओं का निस्तारण का कार्य किया जा रहा है और विभिन्न संस्थाओं और सरकारी विभागो से समन्वय किया जा रहा है। बैठक के दौरान प्रमुख सचिव ने कृषकों विशेषकर हल्दी की खेती करने वाले किसानों से संवाद कर आवश्यक जानकारी प्राप्त करते हुए कृषकों को विषमुक्त प्राकृतिक खेती करने का सुझाव दिया।

# पुलिस की अवैध खनन पर बड़ी कार्रवाई

**मोहनगंज पुलिस ने 8 ट्रैक्टर-ट्राली, 2 जेसीबी सीज की; एमवी एक्ट में कार्रवाई**

अमन लेखनी समाचार



अमेठी ,पुलिस ने अवैध खनन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक सरवणन टी के निर्देश पर मोहनगंज पुलिस ने अवैध खनन में लिप्त 8 ट्रैक्टर-ट्रॉली और 2 जेसीबी मशीनों को जब्त किया है। इन वाहनों के चालकों के पास खनन की अनुमति और वाहन संबंधी कोई वैध दस्तावेज नहीं थे। यह कार्रवाई अमेठी में अपराध और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई। मोहनगंज पुलिस को क्षेत्र में अवैध खनन की सूचना मिली थी जिसके बाद पुलिस ने अलाईपुर चौराहे के पास सठवा गांव की तरफ से रहे वाहनों को मौके से पकड़ा गया। जब्त किए गए ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में चार आईसर, एक महिंद्रा, एक सोनालिका डीआई 730, एक मैसी फर्ग्यूसन टैफे और एक स्वराज ट्रैक्टर-ट्रॉली शामिल हैं। इनके साथ दो जेसीबी मशीनें भी सीज की गई हैं। पुलिस टीम ने चालकों से खनन अनुमति और वाहनों के कागजात मांगे, लेकिन वे कोई वैध प्रपत्र प्रस्तुत नहीं कर सके। इसके बाद सभी वाहनों को कब्जे में लेकर मोटर वाहन अधिनियम की धारा 207 के तहत आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। इस कार्रवाई को मोहनगंज के प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में उपनिरीक्षक राकेश कुमार सिंह, उपनिरीक्षक रामकुमार यादव, कांस्टेबल शिवम राठौर, कांस्टेबल शिवम पाल, रिजर्व कांस्टेबल अजब सिंह और रिजर्व कांस्टेबल शिवकेश शर्मा की टीम ने अंजाम दिया। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन के खिलाफ भविष्य में भी कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

# केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूरे, जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित

**प्रतापगढ़ में विधायक, डीएम ने योजनाओं के प्रचार की अपील की**

अमन लेखनी समाचार




प्रतापगढ़, केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर तुलसी सदन (हादीहाल) में एक विशेष जनसंपर्क एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में सदर विधायक राजेंद्र कुमार मौर्य, जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय और भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव सहित कई जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने व्यापारियों, उद्यमियों और सामाजिक कार्यकताओं से संवाद किया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों ने केंद्र और प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। सदर विधायक राजेंद्र कुमार मौर्य ने बताया कि सरकार के 12 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में विभिन्न विभागों द्वारा बड़े पैमाने पर जनजागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों से आमजन को योजनाओं और विकास कार्यों की जानकारी मिल रही है, जिससे पात्र लाभार्थियों तक उनका लाभ पहुंच रहा है। जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय ने कहा कि शासन की मंशा के अनुसार सभी विभाग योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने व्यापारियों, उद्यमियों और सामाजिक कार्यकताओं से अपील की कि वे योजनाओं की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाएं, ताकि पात्र व्यक्तियों को लाभ मिल सके। जिलाधिकारी ने प्रशासन द्वारा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और जनसमस्याओं के त्वरित समाधान के प्रयासों पर भी प्रकाश डाला।

# स्टांप पेपर पर फर्जी हस्ताक्षर का आरोप

**भाई ने भाई के खिलाफ एसपी से लगाई गुहार, जाली हस्ताक्षर की शिकायत**

अमन लेखनी समाचार




प्रतापगढ़ ,सिलौधी गांव में भाई-भाई के बीच जमीन और मकान को लेकर विवाद सामने आया है। एक भाई ने अपने सगे भाई पर स्टांप पेपर पर फर्जी हस्ताक्षर कराने और धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। पीड़ित ने स्थानीय थाने में सुनवाई न होने के बाद पुलिस अधीक्षक (एसपी) से न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित के अनुसार, अमरनाथ पाल ने पारिवारिक विवाद सुलझाने के लिए गांव में पंचों को बुलाया था। इसमें पुराने घर के बदले पैसे देने पर सहमति बनी थी। हालांकि, पीड़ित का आरोप है कि उसके भाई ने इस समझौते को गलत तरीके से पेश करते हुए स्टांप पेपर पर गवाहों और पंचों के फर्जी हस्ताक्षर कर एक दस्तावेज तैयार किया और उसे शोभानाथ पाल को सौंप दिया। पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया है कि समझौते के बावजूद उसके भाई ने जबरन घर से खिड़की और दरवाजे उखाड़कर ले गया। विरोध करने पर उसे गाली-गलौज की गई और जान से मारने की धमकी भी दी गई। इस मामले में पीड़ित ने पहले स्थानीय थाने में शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन वहां कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद उसने पुलिस अधीक्षक से मिलकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच और उचित कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल यह मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। पुलिस अधिकारियों ने बताया है कि शिकायत के आधार पर जांच की जा रही है और उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षेप

### युवक पर शादी का झांसा देकर शोषण, गर्भपात का आरोप

**बागपत में पीड़िता ने डीएम से लगाई गुहार, जांच के आदेश**

बागपत , रमाला थाना क्षेत्र में एक महिला ने एक युवक पर शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण और जबरन गर्भपात कराने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर मामले की निष्पक्ष जांच और न्याय की गुहार लगाई है महिला के अनुसार, लगभग आठ महीने पहले उसकी पहचान एक युवक से हुई थी। युवक ने उससे शादी का वादा किया, जिसके भरोसे पर उसने महिला के साथ कई बार शारीरिक संबंध बनाए।पीड़िता का आरोप है कि जब वह गर्भवती हुई और उसने शादी के लिए कहा, तो युवक ने अपने परिवार के साथ मिलकर शादी से इनकार कर दिया। महिला ने बताया कि इसके बाद उस पर गर्भपात कराने का दबाव बनाया गया। विरोध करने पर आरोपी और उसके परिजनों ने उसके साथ मारपीट की और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया।पीड़िता का यह भी आरोप है कि उसे जबरन एक निजी नर्सिंग होम ले जाकर उसकी इच्छा के विरुद्ध गर्भपात कराया गया।पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि घटना के बाद उससे गहने छीन लिए गए और पुलिस में शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी गई।पीड़िता ने अब जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर अपनी सुरक्षा और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने बताया जांच के आदेश जारी कर दिए गए हैं। उन्होंने आश्वस्त किया कि जांच रिपोर्ट के आधार पर तथ्यों की पुष्टि होने पर नियमानुसार सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### किन्नरों का डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन

**लोनी के किन्नरों पर मारपीट और क्षेत्र में हस्तक्षेप का आरोप**

बागपत , खेकड़ा कस्बे के किन्नर जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे और अपनी सुरक्षा की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। किन्नरों ने डीएम को एक शिकायती पत्र सौंपा, जिसमें आरोप लगाया गया है कि गाजियाबाद के लोनी क्षेत्र से आने वाले कुछ किन्नर उन्हें लगातार परेशान कर रहे हैं और उनके क्षेत्र में हस्तक्षेप कर रहे हैं।किन्नर मीनाक्षी ने बताया कि जब वे इस हस्तक्षेप का विरोध करते हैं, तो उनके साथ अभद्रता की जाती है और मारपीट तक की नौबत आ जाती है। मीनाक्षी के अनुसार, एक दिन पहले भी लोनी से आए कुछ किन्नरों ने उनके साथ मारपीट की और अपशब्द कहकर धमकाया। इस घटना में कुछ किन्नरों को चोटें भी आई हैं। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि इस तरह की घटनाएं पहले भी हो चुकी हैं, लेकिन समस्या का कोई स्थायी समाधान नहीं निकल पाया है। किन्नरों का कहना है कि वे लंबे समय से खेकड़ा क्षेत्र में रहकर अपना जीवनयापन कर रहे हैं, लेकिन बाहरी क्षेत्र से आने वाले किन्नरों के कारण उन्हें लगातार परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।डीएम कार्यालय पहुंचे किन्नरों ने प्रशासन से मांग की है कि आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और उन्हें सुरक्षा प्रदान की जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनकी शिकायत पर जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो वे एक बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होंगे।जिलाधिकारी अस्मितलाल ने किन्नरों की शिकायत प्राप्त कर ली है और मामले की जांच कराने के साथ-साथ नियमानुसार कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# पति की लाश से पत्नी ने मांग में सिंदूर भरवाया

## मां शव से लिपटकर रोई, प्रयागराज के 4 दोस्तों की हादसे में हुई थी मौत

अमन लेखनी समाचार



प्रयागराज ,उन्नाव में सड़क हादसे में जान गंवाने वाले अनुपम से पत्नी ने आखिरी बार मांग में सिंदूर भरवाया। शनिवार सुबह अनुपम का शव उन्नाव से प्रयागराज उनके घर पहुंचा, तो पत्नी प्रिया बेसुध हो गईं। रोते-रोते शव के पास बैठ गईं। इसी दौरान एक महिला सिंदूरदान लेकर आई। रिश्तेदार ने अनुपम की उंगली पर सिंदूर लगाया, फिर प्रिया ने सिर झुकाकर अपनी मांग में सिंदूर भरवाया। इसके बाद पति के पैर छूकर प्रिया फूट-फूटकर रोने लगीं। यह दृश्य जिसने भी देखा, उसकी आंखों से आंसू छलक पड़े। मां भी बेटे शव से लिपट गईं। रोते हुए बोलीं- एक बार चेहरा दिखा दो। अब मेरा बेटा कभी नहीं मिलेगा। मैं तुम्हारे पैर पड़ती हूं, बस एक बार मुझे चेहरा देख लेने दो। दरअसल, शुक्रवार को उन्नाव में गंगा एक्सप्रेस-वे पर हुए सड़क हादसे में 4 दोस्तों की मौत हो गई थी। चारों शिमला घूमने जा रहे थे। इनमें प्रयागराज के रहने वाले अनुपम भी शामिल थे। शनिवार को चारों दोस्तों के शव उनके घर लाए गए। तीन दोस्त उदय, अनुपम और विजय का प्रयागराज के छतनाग घाट पर अंतिम संस्कार किया गया। अमन कश्यप का अंतिम संस्कार प्रतापगढ़ स्थित उनके पैतृक गांव मांधाता में हुआ।

### उदय को पिता और विजय को भाई ने दी मुखाग्नि

शनिवार को सबसे पहले मां-बाप के इकलौते बेटे उदय सिंह की अर्थी घर से निकली। बेटे को अंतिम विदाई देते समय माता-पिता की हालत देखकर लोगों की आंखें नम हो गईं। पिता राम सिंह ने बेटे को मुखाग्नि दी। इसके बाद विजय कुमार की अर्थी उठी। विजय की चिता को बड़े भाई रोशन लाल ने मुखाग्नि दी। अनुपम गुप्ता के पिता अजय गुप्ता कोलकाता से दोपहर में प्रयागराज पहुंचे। इसके बाद अनुपम का अंतिम संस्कार किया गया।

### टाटा पंच से शिमला घूमने जा रहे थे

फूलपुर थाना क्षेत्र के जाफरपुर बाबूगंज के रहने वाले अनुपम गुप्ता (32), उदय सिंह (28), विजय (40) और प्रतापगढ़ जिले के मांधाता के रहने वाले अमन कश्यप (28) दोस्त थे। 12 जून (शुक्रवार) की सुबह करीब 10 बजे टाटा पंच कार से शिमला घूमने निकले थे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में फल व्यापारी को गोली लगी

## पुलिस को मौके से मिला जिंदा कारतूस, लोगों ने किया चक्काजाम

अमन लेखनी समाचार



प्रयागराज , एयरपोर्ट थाना क्षेत्र स्थित झलवा के देवघाट के पास शनिवार सुबह एक फल व्यापारी को गोली लग गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने इस मामले को संदिग्ध बताया है, क्योंकि घटनास्थल से एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ है और शुरूआती जांच में कई पहलू स्पष्ट नहीं हो सके हैं ।जानकारी के अनुसार, झलवा देवघाट क्षेत्र निवासी फल कारोबारी विनोद शनिवार सुबह अपनी जमीन पर पहुंचे थे। इसी दौरान उन्हें गोली लगी। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई और पुलिस को सूचित किया गया। एयरपोर्ट थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घायल विनोद को स्वरूपरानी नेहरू (एसआरएन) अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज जारी है। घायल विनोद ने आरोप लगाया है कि शनिवार सुबह वह अपनी जमीन पर कब्जा लेने और बाउंड्री वॉल का निर्माण कराने गए थे। इसी दौरान बाइक सवार दो युवकों ने उन पर गोली चला दी और मौके से फरार हो गए। यह भी जानकारी सामने आई है कि जिन लोगों पर फल व्यापारी ने गोली चलाने का आरोप लगाया है, उन्हीं लोगों ने पहले फल व्यापारी के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई थी ।पुलिस के अनुसार, मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। घटनास्थल से एक जिंदा कारतूस बरामद होने के कारण घटना संदिग्ध लग रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि गोली किस परिस्थिति में चली और घटना का वास्तविक क्रम क्या था। इन सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच आगे बढ़ाई जा रही है ।एयरपोर्ट कार्यकारी थाना प्रभारी विजय पांडेय ने बताया कि घायल व्यक्ति ने बाइक सवार दो युवकों पर गोली मारने का आरोप लगाया है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।

# काजीपुर की काशीराम कॉलोनी पहुंचे महापौर

**सीवर–सड़क की समस्याएं देख जताई नाराजगी, क्षेत्र निगम का नहीं, फिर भी काम शुरू कराने के आदेश**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ , वार्ड-33 स्थित काजीपुर की काशीराम कॉलोनी में सीवर, सड़क और पार्क की समस्याओं के चलते महापौर हरिकांत अहलूवालिया लोगों के बीच पहुंचे। उन्होंने कॉलोनी के कई हिस्सों का निरीक्षण किया और क्षेत्रवासियों की शिकायतें सुनीं। निरीक्षण के दौरान क्षेत्रवासियों ने सीवर जाम, टूटी सड़कों और पार्कों की खराब स्थिति की शिकायत की। महापौर ने बताया कि कॉलोनी के निर्माण कार्य, सीवर लाइन और पार्कों की जिम्मेदारी मेरठ विकास प्राधिकरण (एमडीए) के पास है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को मौके पर बुलाया गया था, लेकिन कई घंटे इंतजार के बावजूद कोई अधिकारी नहीं पहुंचा। महापौर ने इस पर नाराजगी जताते हुए कहा कि क्षेत्र नगर निगम के अधिकार क्षेत्र में नहीं आता, इसके बावजूद जनता की परेशानी को देखते हुए नगर निगम अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि मशीनें लगाकर आवश्यक कार्य शुरू कराया जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त नगर आयुक्त लवी त्रिपाठी, जीएम जल विश्वनाथ, एक्सईएन जल, जेई निर्माण पदम सिंह, स्थानीय पार्षद, भाजपा युवा मोर्चा के महानगर उपाध्यक्ष अक्षय भड़ाना तथा पार्षद प्रत्याशी साधना समेत कई स्थानीय लोग मौजूद रहे। क्षेत्रवासियों ने समस्याओं के समाधान का आश्वासन मिलने पर संतोष जताया।

# पुलिस अफसरों ने गन हाउस का रिकॉर्ड खंगाला

## पीएल शर्मा रोड पर है बंदूकों की अधिकृत दुकानें, एकाएक चेकिंग से मचा हड़कंप

अमन लेखनी समाचार



मेरठ ,गन मार्किट में पुलिस प्रशासन की संयुक्त कार्रवाई से बुधवार को खलबली मच गई।एसीएम ब्रह्मपुरी रश्मि कुमारी और सीओ कैंट नवीना शुक्ला यहां के एक गन हाऊस पर पहुंची और दस्तावेज खंगाले। करीब एक घंटे चली कार्रवाई के बाद टीम लौट गई।कुछ दस्तावेज जांच के लिए उठाए गए हैं। अफसरों का कहना है कि अगर कुछ भी संदिग्ध सामने आई तो फिर पूरे बाजार की जांच कराई जाएगी। पुलिस प्रशासन की इस कार्रवाई से बाजार में नाराजगी देखने को मिल रही है। मेरठ में अवैध हथियारों को लेकर पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। कई घटनाओं के बाद यह अभियान और तेज किया गया है। इसी कार्रवाई को आगे बढ़ाते हुए बुधवार को पुलिस प्रशासन ने पीएल शर्मा रोड पर मौजूद गन हाऊस का रूख किया।टीम सीधे सुधीर साहनी के केबी कोहली एंड कंपनी नाम के गन हाऊस पर पहुंची। सीओ कैंट नवीना शुक्ला ने मौजूद स्टाफ से गन हाऊस का सेल परचेज समेत तमाम रजिस्टर मंगा लिए।

### रिकार्ड में खामी देख गुस्साई अधिकारी

केबी कोहली एंड कंपनी के रिकार्ड को देखना शुरू किया तो उसमें कई तरह की खामियां देखने को मिली। एसीएम व सीओ ने इन खामियों पर सवाल जवाब किया तो मौजूद स्टाफ आश्वस्त करने वाला जवाब नहीं दे पाया। इसके बाद वहां जमा कराए गए हथियारों का विवरण निकलवा लिया गया। अधिकांश का रिकार्ड दर्ज था लेकिन इक्का-दुक्का हथियार ऐसे थे, जिनका रिकार्ड नहीं मिल पाया। सीओ ने सीज करने की बात कही तो कारोबारी विरोध में खड़े हो गए।

बट का रिकार्ड नहीं दिखा पाई फर्म

जांच के दौरान महिला अफसरों को गन हाऊस में काफी संख्या में बंदूक व राइफल की लकड़ी की बट दिखाई दीं। इन बट को लेकर पूछा गया तो पता चला कि बिजनौर से ऑर्डर पर वह तैयार कराई जाती हैं। इससे जुड़ा रिकार्ड मांगा गया तो गन हाऊस मालिक नहीं दिखा पाए। इसके बाद अफसरों ने एक के बाद एक कई सवाल दाग दिए, जिनके जवाब नहीं मिल सके। एसोसिएशन के कुछ पदाधिकारियों से तो पुलिस की नोकझोंक तक हो गई।

रिकार्ड ना मिलने का ठीकरा इन लोगों ने प्रशासन व लाइसेंस अथोरिटी के सिर फोड़ दिया।

# सपना चौधरी से लिपटकर रोईं पेप्सी शर्मा की पत्नी

## डांसर भावुक हुईं, आंसू छलके; गाजियाबाद में 4 दिन पहले हुई थी मौत

अमन लेखनी समाचार



पेप्सी शर्मा, मृतक

गाजियाबाद ,हरियाणवी डांसर सपना चौधरी कलाकार पेप्सी शर्मा के घर पहुंचीं। पेप्सी शर्मा की पत्नी रेनू उन्हें देखकर भावुक हो गईं और गले लगकर रोने लगीं। सपना ने उनके सिर पर हाथ रखा और ढांढस बंधाया। इस दौरान सपना भी भावुक नजर आईं और उनकी आंखों से आंसू छलक पड़े। सपना चौधरी ने महिलाओं के बीच जमीन पर बैठकर परिवार का हालचाल जाना। तस्वीर पर पुष्प अर्पित करके पेप्सी शर्मा को श्रद्धांजलि दी। दो मिनट तक हाथ जोड़कर उनकी तस्वीर के सामने खड़ी रहीं। इसके बाद उन्होंने पेप्सी शर्मा के भाइयों और बीमार मां से मुलाकात की। यह बहुत दुख की घड़ी है। हमने साथ में कई कार्यक्रम किए हैं। वह अपने अंदाज से लोगों को खूब हंसाते थे। कभी नहीं लगा था कि वह हम लोगों को इतनी जल्दी छोड़कर चले जाएंगे। भगवान उनकी आत्मा को शांति प्रदान करे ।7 जून को यशपाल शर्मा उर्फ पेप्सी शर्मा की हार्ट अटैक से मौत हो गई थी। उनकी अस्थियां बृजघाट पर गंगा नदी में विसर्जित की गईं। पेप्सी शर्मा ने सपना चौधरी के साथ कई रागनी कार्यक्रमों में प्रस्तुति देकर खास पहचान बनाई थी। वह गाजियाबाद के पतला गांव के रहने वाले थे। परिवार में पत्नी, 10 साल की बेटी और 7 साल का बेटा है ।सपना चौधरी ने पेप्सी शर्मा की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। दो मिनट तक हाथ जोड़कर उनकी तस्वीर के सामने खड़ी रहीं ।सपना चौधरी ने पेप्सी शर्मा की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। दो मिनट तक हाथ जोड़कर उनकी तस्वीर के सामने खड़ी रहीं ।सपना चौधरी को देखकर पेप्सी शर्मा की पत्नी रेनू भावुक हो गईं और गले लगकर रोने लगीं। सपना ने उनके सिर पर हाथ रखा और ढांढस बंधाया ।सपना चौधरी को देखकर पेप्सी शर्मा की पत्नी रेनू भावुक हो गईं और गले लगकर रोने लगीं। सपना ने उनके सिर पर हाथ रखा और ढांढस बंधाया ।बड़े भाई बोले- हरियाणा-दिल्ली से चाहने वाले फोन कर पेप्सी को श्रद्धांजलि दे रहेपेप्सी के बड़े भाई ऋषिपाल शर्मा ने कहा- मेरे पास ही भाई पेप्सी का फोन है।

# केमिकल फैक्ट्री में भीषण आग

## हिंडन विहार में दूर-दूर तक दिखा धुएं का गुबार, दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं

अमन लेखनी समाचार



गाजियाबाद, नंदग्राम थाना क्षेत्र स्थित हिंडन विहार में एक केमिकल फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। आग लगते ही इलाके में अफरा-तफरी मच गई। फैक्ट्री से उठता काले धुएं का गुबार कई किलोमीटर दूर तक दिखाई दिया, जिससे आसपास के लोगों में दहशत फैल गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक फैक्ट्री में केमिकल से संबंधित काम चल रहा था। इसी दौरान अचानक आग भड़क उठी। कुछ ही देर में आग ने फैक्ट्री के बड़े हिस्से को अपनी चपेट में ले लिया। आग की लपटें और धुआं देखकर आसपास के लोग घरों और दुकानों से बाहर निकल आए। सूचना मिलते ही पहुंचीं दमकल की गाड़ियांघटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की दो गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं। फायर कर्मियों ने तुरंत आग बुझाने का अभियान शुरू किया। आग की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त संसाधनों की भी व्यवस्था की गई, ताकि आग आसपास की इमारतों तक न फैल सके ।दमकल विभाग की टीमें लगातार आग पर काबू पाने में जुटी रहीं। अधिकारियों ने सुरक्षा के मद्देनजर फैक्ट्री के आसपास लोगों की आवाजाही भी सीमित कर दी ।केमिकल यूनिट होने से बढ़ी चुनौतीफैक्ट्री में केमिकल सामग्री होने के कारण आग बुझाने का काम चुनौतीपूर्ण रहा। दमकलकर्मी विशेष सावधानी बरतते हुए आग पर नियंत्रण पाने का प्रयास कर रहे हैं। आग से निकल रहा घना धुआं पूरे इलाके में फैल गया, जिससे लोगों को सांस लेने में भी परेशानी हुई ।प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि केमिकल से जुड़े कार्य के दौरान आग लगी हो सकती है। हालांकि आग लगने के सही कारणों का पता जांच पूरीहोने के बाद ही चल सकेगा ।जनहानि की सूचना नहीं राहत की बात यह रही कि घटना में किसी के हताहत या घायल होने की सूचना नहीं है। प्रशासन और दमकल विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर मौजूद हैं और स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए हैं। आग पर पूरी तरह काबू पाने के बाद नुकसान का आकलन किया जाएगा ।मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया कि दोपहर करीब 2:05 बजे आग लगने की सूचना मिलते ही कोतवाली, वैशाली और साहिबाबाद फायर स्टेशन से कुल सात दमकल गाड़ियों को मौके पर भेजा गया ।गोदाम के भूतल पर इंक का भंडारण था, जबकि ऊपरी मंजिल पर रबर स्टैंप बनाने का कार्य होता था। फायर कर्मियों ने कड़ी मशक्कत और फोम पंपिंग के जरिए आग पर पूरी तरह काबू पा लिया। घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है और आसपास के गोदामों व मकानों को भी सुरक्षित बचा लिया गया।

# महिला आयोग की जनसुनवाई अंधेरे में हुई

## बिजली गुल, जनरेटर में डीजल नहीं; मोबाइल की टॉर्च जलाकर पढ़े गए आवेदन

अमन लेखनी समाचार



मेरठ ,राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया राहटकर की जनसुनवाई के दौरान अव्यवस्थाएं सामने आईं। विकास भवन सभागार में बिजली गुल होने से अंधेरा छा गया, जिसके बाद अध्यक्ष को मोबाइल टॉर्च की रोशनी में शिकायत पत्र पढ़ने पड़े। उन्होंने इस पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। बिजली जाने के कारण सभागार में पंखे और एसी भी बंद हो गए। भीषण गर्मी और उमस में आयोग अध्यक्ष, अधिकारी और शिकायतकर्ता महिलाएं करीब आधे घंटे तक परेशान रहीं। घटना विकास भवन सभागार में हुई।

### जनरेटर में तेल तक नहीं, आनन-फानन में मंगाया डीजल

बिजली जाने के बाद प्रशासनिक अधिकारी व्यवस्था बहाल करने के लिए भागदौड़ करते दिखे। जनरेटर चलाने का प्रयास किया गया, लेकिन उसमें डीजल न होने के कारण वह भी शुरू नहीं हो सका। बाद में आनन-फानन में डीजल मंगाया गया। विकास भवन की व्यवस्था पर महिला आयोग की राष्ट्रीय अध्यक्ष ने नाराजगी जताई। इस दौरान बड़ी संख्या में मौजूद शिकायतकर्ता महिलाएं गर्मी से बेहाल थीं। अव्यवस्थाओं को देखकर राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष ने गहरी नाराजगी जताई। जनसुनवाई का कार्य कुछ समय तक अंधेरे और बिना बिजली के ही चलता रहा, जब तक कि बिजली की व्यवस्था सुचारु नहीं हो गई।

### बच्चों को साथ लेकर पहुंची महिलाएं परेशान

भीषण गर्मी में विकास भवन की जनसुनवाई के दौरान अचानक बिजली जाने पर अव्यवस्था का माहौल बन गया। विकास भवन में लगे ऐसी बंद हो गए। सुनवाई में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे। महिलाओं के साथ उनके बच्चे भी थे। ऐसी बंद होने से हाल में अंधेरा छा गया और पंखे तक बंद हो गए। इसी वजह से लोग परेशान होने लगे। पीड़ितों की परेशानी देखकर विजया रहाटकर ने नाराजगी जताई। जब विकास भवन में बिजली कर्मी को बुलाया गया तो उसने बोला कि विकास भवन की बिजली के स्विच पहले से ही खराब है। लाइन की सूचना भी अधिकारियों को पहले दी गई थी। उसके बावजूद भी ठीक नहीं कराई गई। इसी वजह से व्यवस्था बनी है।

# कारोबारी से 12 लाख का फ्रॉड

## शेयर ट्रेडिंग में मुनाफे का लालच देकर जाल में फंसाया था, केस दर्ज

अमन लेखनी समाचार



नोएडा ,ऑनलाइन शेयर ट्रेडिंग में मुनाफे का लालच देकर साइबर ठगों ने एक कारोबारी से 12 लाख रुपए की ठगी कर ली। जब पीड़ित ने अपनी रकम वापस मांगी तो आरोपियों ने जवाब देना बंद कर दिया। मामले में साइबर क्राइम थाना सेक्टर-36 में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है ।सेक्टर-137 निवासी सुलभ गांधी ने शिकायत में बताया कि कुछ समय पहले उनसे कुछ लोगों ने संपर्क किया था। आरोपियों ने खुद को शेयर बाजार से जुड़ा बताते हुए ऑनलाइन ट्रेडिंग के जरिए कम समय में अच्छा मुनाफा कमाने का भरोसा दिलाया। उनकी बातों पर विश्वास कर सुलभ ने एक ब्रोकर डिमैट अकाउंट खुलवाया और निवेश शुरू कर दिया ।पीड़ित के अनुसार शुरूआत में उन्हें लाभ का भरोसा दिया गया, लेकिन खाते में लगातार नुकसान दिखाया जाता रहा। हर बार आरोपियों ने बाजार में उतार-चढ़ाव का हवाला देते हुए और पैसा निवेश करने की सलाह दी। उनका कहना था कि अतिरिक्त निवेश करने पर भविष्य में बड़ा मुनाफा मिलेगा। आरोप है कि निवेश सीमा बढ़ाने, होल्डिंग चार्ज और नुकसान की भरपाई जैसे अलग-अलग कारण बताकर उनसे बार-बार रकम जमा कराई गई।

# नोएडा में दो बदमाश गिरफ्तार

## मोबाइल छीनकर दिल्ली में सस्ते दाम पर बेचते थे, 21 फोन और बाइक बरामद

अमन लेखनी समाचार



नोएडा ,थाना सेक्टर-58 पुलिस ने मोबाइल स्नैचिंग करने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से स्नैचिंग के 21 मोबाइल फोन, एक चोरी की मोटरसाइकिल और दो अवैध चाकू बरामद किए हैं। दोनों आरोपी नशे के आदी बताए जा रहे हैं और छीने गए मोबाइल दिल्ली में बेच देते थे। एडीसीपी मनीषा सिंह ने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस और स्थानीय सूचना के आधार पर पुलिस ने सेक्टर-55 स्थित एक प्लॉट के पास से लोकेश और प्रदीप उर्फ भिर्री को गिरफ्तार किया। पूछताछ में दोनों ने नोएडा, गाजियाबाद, दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में मोबाइल स्नैचिंग की कई वारदातों में शामिल होने की बात स्वीकार की। चोरी की बाइक से देते थे वारदात को अंजामजांच में पता चला कि आरोपियों के पास से बरामद स्प्लेंडर मोटरसाइकिल गाजियाबाद के खोड़ा क्षेत्र से चोरी की गई थी। इस संबंध में पहले से मुकदमा दर्ज है। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपी मार्च 2026 में सेक्टर-59 मेट्रो स्टेशन के पास हुई मोबाइल स्नैचिंग और मई 2026 में चौड़ा मोड़ से आईफोन-16 छीनने की घटना में भी शामिल थे ।21 मोबाइल फोन बरामपुलिस ने आरोपियों के कब्जे से विभिन्न कंपनियों के 21 मोबाइल फोन बरामद किए हैं।

# 37वीं मंजिल से गिरकर 2 मजदूरों की मौत

## शटरिंग का काम करते समय टूटी सेफ्टी बेल्ट, दोनों पश्चिम बंगाल के रहने वाले

अमन लेखनी समाचार



रईसुल हक
मृतक

अब्दुल समद
मृतक

गौतम बुद्ध नगर ,ग्रेटर नोएडा में एक निमार्णाधीन हाईराइज बिल्डिंग में बड़ा हादसा हो गया। सेक्टर-152 स्थित एटीएस पिक्चरेस्क रिप्राइव परियोजना की टावर संख्या-23 की 37वीं मंजिल से गिरकर दो मजदूरों की मौत हो गई। हादसे के बाद निर्माण स्थल पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। जानकारी के मुताबिक, दोपहर करीब 12:45 बजे रईसुल हक (24) और अब्दुल समद (45) शटरिंग का काम कर रहे थे। इसी दौरान उनकी सेफ्टी बेल्ट टूट गई, जिससे दोनों संतुलन खोकर नीचे गिर गए। दोनों मजदूर पश्चिम बंगाल के रहने वाले बताए जा रहे हैं इसी बिल्डिंग की 37वीं मंजिल से गिरकर मजदूरों की मौत हो गई। इसी बिल्डिंग की 37वीं मंजिल से गिरकर मजदूरों की मौत हो गई अस्पताल में डॉक्टरों ने मृत घोषित कियाहादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने दोनों मजदूरों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया, लेकिन गंभीर चोटों के कारण डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और संबंधित अधिकारी मौके पर पहुंचे।

# रोडवेज बस की टक्कर से टोल प्लाजा कर्मी की हुई मौत

अमन लेखनी समाचार


रोते बिलखते परिजन तथा मृतक फाइल फोटो

बिंदकी, फतेहपुरे जनपद के बिंदकी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत विगत दिवस शुक्रवार देर शाम गांव भवानीपुर के पास एक रोडवेज बस में बडौरी टोल प्लाजा में कार्यरत कर्मचारी को पीछे से टक्कर मार दिया जिससे टोल प्लाजा कर्मी गंभीर रूप से घायल हो गया मिली जानकारी के अनुसार बडौरी टोल प्लाजा में नौकरी करने वाला 40 वर्षीय युवक जीतेंद्र उर्फ गुड्डन पुत्र नरेंद्र सिंह बिंदकी कोतवाली थाना क्षेत्र के डीघ गांव का निवासी था प्रतिदिन की भांति अपनी मोटरसाइकिल से विगत दिवस शुक्रवार देर शाम ड्यूटी करने जा रहा था तभी तेज रफ्तार से आ रही रोडवेज बस ने पीछे से भीषण टक्कर मार दिया टक्कर मारकर बस निकल गई वहीं आसपास मौजूदा लोग दौड़कर घायल के पास पहुंचे जहां गंभीर रूप से घायल कर्मचारी को देख मौजूदा लोगों ने स्थानीय पुलिस बल तथा घायल के परिजनों को सूचना दी सूचना पाकर पहुंची पुलिस प्रशासन ने आनन-फानन घायल कर्मचारी को नजदीकी अस्पताल में भर्ती किया जहां स्थिति गंभीर देख चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज फतेहपुर के लिए रेफर किया परंतु दुर्भाग्य मेडिकल कॉलेज में उपचार के चलते युवक की सांसे थम गई यह जानकारी जैसे ही परिजनों को मिली तो मृतक की पत्नी सोनू सिंह समेत परिजनों में कोहराम मच गया बताया गया कि मृतक टोल प्लाजा में नौकरी करके अपनी पत्नी सोनू सिंह समेत 9 वर्षीय बेटी प्रज्ञा 7 वर्षीय पुत्र दक्ष सिंह तथा 1 वर्षीय पुत्र सम्राट सिंह का जीवन यापन करता था बिंदकी कोतवाली प्रभारी राजेंद्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है वही घटना को अंजाम देने वाली रोडवेज बस की तलाश जारी है

## पुलिस लाइन महराजगंज में दिवंगत स्टोर कार्यालय प्रभारी उ0नि0ए0पी0 रंगीलाल को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि



अमन लेखनी समाचार

आज पुलिस लाइन महराजगंज में एक अत्यंत शोकपूर्ण माहौल में, स्टोर कार्यालय प्रभारी दिवंगत उप-निरीक्षक (ए.पी.) रंगीलाल के आकस्मिक और असामयिक निधन पर एक शोक व्यक्त किया गया । अपर पुलिस अधीक्षक महराजगंज द्वारा समस्त पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ रिजर्व पुलिस लाइन महराजगंज मे दिवंगत आत्मा को पुष्प चक्र अर्पित कर अपनी गहरी संवेदनाएं प्रकट की गईं। रंगीलाल जी को एक अत्यंत कर्तव्यनिष्ठ, कर्मठ और मृदुभाषी अधिकारी के रूप में याद करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि उनका इस तरह अचानक चले जाना महराजगंज पुलिस परिवार के लिए एक अपुर्णिय क्षति है।विभाग में उनके द्वारा दी गई उत्कृष्ट सेवाओं को हमेशा याद रखा जाएगा। शोक सभा के दौरान उपस्थित समस्त पुलिस बल द्वारा दिवंगत आत्मा की चिर शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण किया गया। इसके साथ ही ईश्वर से प्रार्थना की गई कि वे पुण्य आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और इस अत्यंत कठिन घड़ी में शोक संतप्त परिजनों को इस असहनीय एवं अपूरणीय दुःख को सहन करने की शक्ति व संबल प्रदान करें।

# दोनों पैरों से दिव्यांग राहुल को जिलाधिकारी ने भेंट की ट्राई साइकिल

**जनसुनवाई में संवेदनशील पहल, ट्राई साइकिल पाकर भावुक हुए राहुल; आंखों से छलक पड़े खुशी के आंसू।**

**ट्राई साइकिल बनी राहुल की नई उम्मीद, जिलाधिकारी की संवेदनशील पहल।**

**जनसुनवाई में मिला सहारा, दिव्यांग राहुल के चेहरे पर लौटी मुस्कान।**




अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान उस समय भावुक क्षण देखने को मिला, जब जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने दोनों पैरों से दिव्यांग राहुल कुमार पुत्र रतन प्रसाद, निवासी चोपन मार्केट, सब्जी मंडी के पास को ट्राई साइकिल प्रदान की। वर्षों से आवागमन की कठिनाइयों से जूझ रहे राहुल को जब ट्राई साइकिल मिली तो उनके चेहरे पर खुशी साफ झलक उठी और उनकी आंखें नम हो गईं। राहुल कुमार दोनों पैरों से दिव्यांग हैं, जिसके कारण उन्हें अपने दैनिक कार्यों एवं आवागमन में अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। जनसुनवाई के दौरान उनकी समस्या जिलाधिकारी के संज्ञान में आने पर तत्काल संवेदनशीलता दिखाते हुए उन्हें ट्राई साइकिल उपलब्ध कराई गई। ट्राई साइकिल प्राप्त करने के बाद राहुल ने भावुक होकर उ0प्र0 शासन एवं जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह सहायता उनके लिए केवल एक साधन नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ाया गया एक महत्वपूर्ण कदम है। अब वे अपने दैनिक कार्य पहले की अपेक्षा अधिक सुगमता से कर सकेंगे। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की प्राथमिकता समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहायता पहुंचाना है। दिव्यांगजन समाज का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और उन्हें सम्मानजनक एवं आत्मनिर्भर जीवन उपलब्ध कराना प्रशासन की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि पात्र दिव्यांगजनों को शासन की सभी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराया जाएगा।

खास समाचार

## प्रभारी मंत्री हंसराज विश्वकर्मा 14 जून को जनपद सोनभद्र के दौरे पर रहेंगे

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। उत्तर प्रदेश सरकार के लघु एवं सूक्ष्म उद्योग मंत्री एवं जनपद सोनभद्र के प्रभारी मंत्री हंसराज विश्वकर्मा 14 जून 2026 को जनपद सोनभद्र के दो दिवसीय भ्रमण पर रहेंगे। अपने प्रवास के दौरान वे विभिन्न जनकल्याणकारी कार्यक्रमों, जनचौपाल, स्वास्थ्य मेला, स्वच्छता अभियान तथा जनसंपर्क कार्यक्रमों में प्रतिभाग करेंगे। प्रभारी मंत्री दिनांक 13 जून को वाराणसी से प्रस्थान कर ग्राम पंचायत बहुअरा स्थित अमृत सरोवर तालाब के निकट रामलीला मंच मैदान में आयोजित जनचौपाल कार्यक्रम में भाग लेंगे तथा आमजन की समस्याओं को सुनकर उनके समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देंगे। इसके उपरांत वे सर्किट हाउस, लोढ़ी में रात्रि विश्राम करेंगे। दिनांक 14 जून को प्रभारी मंत्री चांडी माता मंदिर, सहिजन खुर्द में आयोजित स्वच्छता अभियान में सहभागिता करेंगे तथा स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता का संदेश देंगे। इसके पश्चात वे पार्टी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकताओं से भेंट करेंगे तथा सर्किट हाउस लोढ़ी में प्रेसवार्ता को संबोधित करेंगे। अपने भ्रमण कार्यक्रम के दौरान प्रभारी मंत्री राबट्र्सगंज ब्लॉक परिसर सभागार में आयोजित जन कल्याण शिविर एवं स्वास्थ्य मेले का उद्घाटन करेंगे। इसके अतिरिक्त चतरा ब्लॉक परिसर सभागार में आयोजित प्रबुद्ध वर्ग संवाद कार्यक्रम में प्रतिभाग कर विभिन्न विषयों पर संवाद स्थापित करेंगे। सायंकाल वे नगर पालिका परिषद राबट्र्सगंज क्षेत्र में आयोजित विशेष जनसंपर्क कार्यक्रम में भाग लेकर आमजन से संवाद करेंगे

## जनपदीय पुलिस द्वारा बैंक चेकिंग अभियान चलाकर सुरक्षा व्यवस्था का लिया गया जायजा

अमन लेखनी समाचार



महराजगंज जनपद में पुलिस द्वारा विभिन्न बैंक शाखाओं में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। पुलिस टीमों ने नगर क्षेत्र एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित बैंक शाखाओं, एटीएम बूथों तथा उनके आसपास के क्षेत्रों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया चेकिंग के दौरान पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा बैंक परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों, अलार्म सिस्टम, गार्ड की तैनाती, प्रवेश एवं निकास द्वार तथा अन्य सुरक्षा प्रबंधों की गहनता से जांच की गई। बैंक में आने-जाने वाले संदिग्ध व्यक्तियों पर विशेष निगरानी रखी गई तथा एटीएम बूथों के आसपास भी सतर्कता बरती गई इस दौरान बैंक प्रबंधकों, कर्मचारियों एवं सुरक्षा गार्डों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए कि वे किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की सूचना तत्काल स्थानीय पुलिस को दें। साथ ही बैंक में आने वाले ग्राहकों को भी जागरूक करते हुए बताया गया कि वे अपने एटीएम कार्ड, पासबुक, ओटीपी व अन्य बैंकिंग जानकारी किसी अज्ञात व्यक्ति के साथ साझा न करें तथा किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी की आशंका होने पर तुरंत पुलिस को सूचित करें। पुलिस द्वारा बैंक के बाहर खड़े संदिग्ध वाहनों की भी जांच की गई तथा आसपास के क्षेत्रों में गश्त कर लोगों को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। जनपद पुलिस द्वारा यह भी अपील की गई कि बैंक से बड़ी धनराशि निकालने या जमा करने के दौरान विशेष सावधानी बरतें तथा आवश्यकता होने पर पुलिस की सहायता प्राप्त करें।

# महंगाई को लेकर वर्तमान सरकार पर गरजे सांसद नरेश उत्तम पटेल

**मलवां विकासखंड के गोपालगंज में आयोजित हुआ सपा कार्यकर्ता सम्मेलन**

अमन लेखनी समाचार




फतेहपुरे देश में बढ़ती महंगाई तथा आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर समाजवादी पार्टी द्वारा जनपद के मलवां विकासखंड अंतर्गत गोपालगंज में विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे फतेहपुर सांसद नरेश उत्तम पटेल का विकासखंड के सभी समाजवादी पदाधिकारियों ने माल्यार्पण कर अंग वस्त्र के साथ भव्य स्वागत किया कार्यक्रम के प्रमुख आयोजक धर्मपाल सिंह फौजी की अगुवाई में पहुंचे लगभग दो दर्जन से अधिक देश के पूर्व सैनिकों को सांसद द्वारा अंग वस्त्र तथा माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया वहीं मुख्य अतिथि ने वर्तमान सरकार पर चुटकी लेते हुए देश में बिजली पानी बेरोजगारी खाद बीज तथा एलपीजी गैस समेत अन्य दर्जनों दैनिक उपयोगी वस्तुओं पर बढ़ती महंगाई पर गहरा शोक जताया आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टी को मजबूत बनाने के लिए सभी कार्यकताओं को सांसद नरेश उत्तम पटेल ने दिशा निर्देश दिए वही मतदाता सूची में छूटे हुए नाम को अधिक से अधिक सत्यापन कराते हुए बढवाने के लिए बूथ प्रमुख सेक्टर प्रभारी आदि से अपील की कार्यक्रम में उपस्थित समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह यादव पूर्व जिला अध्यक्ष रामेश्वर दयाल उर्फ दयालू गुप्ता महेंद्र बहादुर सिंह बच्चा समेत दर्जनों वरिष्ठ पदाधिकारियों ने आगामी विधानसभा चुनाव में विजय हासिल करने के लिए हर बूथ को मजबूत बनाने का संकल्प लिया कार्यक्रम का संचालन समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता रामबाबू यादव तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता बिंदकी विधानसभा के सपा अध्यक्ष अनिरुद्ध यादव द्वारा की गई इस मौके पर अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी जगदीश सिंह उर्फ जालिम सिंह हीरालाल साहू दलजीत निषाद धर्मपाल सिंह फौजी सुशील दोषी सुनील कुमार यादव मोइन खान बाबू सिंह कुशवाहा समेत भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहें

# कथा श्रवण से होती है मन की शुद्धि, मिलती है मुक्तिः धानी शास्त्री

**-प्रतिदिन चलने वाले विशाल भंडारा में श्रद्धालुओं ने किया प्रसाद ग्रहण।**

**-कसारी रामगढ़ स्थित भिखारी बाबा आश्रम परिसर में चल रहा है आयोजन।**

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। कसारी रामगढ़ स्थित भिखारी बाबा आश्रम परिसर में शुक्रवार को विराट रुद्र महायज्ञ में पूजन-अर्चन कराया गया।यज्ञ मंडप की परिक्रमा को श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। इस दौरान जयकारे से समूचा परिसर गुंजायमान हो गया। शिव मंदिर में दूध से रुद्राभिषेक पूजन कराया गया, जबकि कमल व गुलाब के फूल से बाबा भोलेनाथ का श्रृंगार किया गया। वृंदावन से आई बाल कथा वाचिका धानी शास्त्री ने कहा कि कथा श्रवण करने से मन शुद्ध होता है और मुक्ति मिलती है। उन्होंने श्रीकृष्ण जन्म से लेकर माता यशोदा तक बासुदेव जी के जरिए भगवान श्री कृष्ण को पहुंचाने की लीला का रसपान कराया। वहीं भजन संध्या में वाराणसी से आए राष्ट्रीय बाल कलाकार श्री राम कृष्ण, श्री राधा कृष्ण व श्री राधे कृष्ण ने एक से बढ़कर एक भजन, गीत व गजल सुनाया। वृंदावन से आए कलाकारों की रासलीला देखने को भारी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। प्रकृति रक्षा के लिए 251 जड़ी बूटियों से निर्मित हवन सामग्री से आहुति दी गई। प्रतिदिन चलने वाले विशाल भंडारा में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम के आयोजक भिक्षुक भिखारी जंगली दास दीनबंधु रमाशंकर गिरी जी महाराज ने बताया कि आचार्यगण गोपालधर द्विवेदी, राजेश कुमार पाठक, हरिओम द्विवेदी व अमरेश तिवारी द्वारा विराट रूद्र महायज्ञ एवं पूजन कार्य कराया जा रहा है। शिव मंदिर में दूध, गंगाजल से रुद्राभिषेक पूजन कराया गया और कमल व गुलाब के फूल से बाबा भोलेनाथ का श्रृंगार किया गया। प्रकृति रक्षा के लिए 251 जड़ी बूटियों से निर्मित हवन सामग्री से आहुति दी जा रही है। प्रतिदिन चलने वाले विशाल भंडारा में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। उन्होंने ने यह भी बताया कि 13 जून को विराट रुद्र महायज्ञ की पूणार्हुति अयोध्या के महंत कमलनयन दास जी महाराज द्वारा होगी। इसके अलावा कन्याओं की शादी कराई जाएगी। कार्यक्रम में मुख्य यजमान दिनेश, उषा देवी, रूपा गुप्ता, देवेंद्र कुमार, चिंता मौर्य, उर्मिला देवी, विमला देवी, शशि देवी, विजय सिंह, मनीष कुमार, कृति सागर, शुभराम महाराज, परमानंद, रमेश कुमार, प्रहलाद, रामखेलावन, किरन मोदनवाल, मानवी, संगीता, मुन्ना बाबा, केवलानंद महाराज, कालो देवी, डॉक्टर विजय, हीरा सिंह, विवेक कुमार मालवीय आदि मौजूद रहे।

# प्रशासन की छवि धूमिल करते नजर आ रहे वर्दीधारी, वीडियो वायरल

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर। जनपद के तेज तर्रार पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक द्वारा वास्तव में जनपद का वर्तमान में एक कुशल नेतृत्व किया जा रहा है वही जनपद के खखरेरू थाना पुलिसकर्मी वर्तमान पुलिस अधीक्षक के नाम पर धब्बा लगाते नजर आ रहे हैं थाना क्षेत्र के पुलिसकर्मी की युगल बंदी ने यातायात नियमों का स्वयं उल्लंघन करते हुए आम जनता के साथ अभद्रता तथा गाली गलौज पुलिस प्रशासन की खुलेआम धज्जी उड़ा रहा है इस घटना का एक वायरल वीडियो सोशल मीडिया पर खूब जमकर प्रसारित हो रहा है जबकि अमन लेखनी हिंदी दैनिक समाचार पत्र इसके पुष्टि नहीं करता खखरेरू थाना में तैनात दो सिपाही स्वयं बिना हेलमेट लगाएं नियम कानून का उल्लंघन करते नजर आ रहे थे जिसे देख कुछ लोगों ने मोबाइल पर वीडियो बना लिया वीडियो बनाते देख सिपाहियों ने वर्दी की हनक जमाते हुए मर्यादा की सारी सीमाएं लांग गए वही वीडियो बनाते हुए नागरिकों को खुलेआम अभद्र भाषा तथा गलियां प्रारंभ कर दी इस घटना से जनता में भारी आक्रोश है वही क्षेत्रीय नागरिक समानता का अधिकार बताते हुए नियम कानून का उल्लंघन करने वाले सिपाहियों के ऊपर कार्यवाही की मांग की इस बारे में क्षेत्राधिकारी खागा दुर्गेशदीप ने जानकारी देते हुए बताया कि मामला संज्ञान में आया है जिसको देखते हुए दोनों सिपाहियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने की कार्रवाई की गईं

# हरित आवरण बढ़ाने के लिए योगी सरकार कर रही युद्ध स्तर पर प्रयास

**सोनभद्र में पौधरोपण को जनभावनाओं से जोड़ने की अनूठी पहल।**

**महर्षि चरक औषधि, समरस और समृद्धि वन समेत बनेंगे कई नए वन।**

**स्वतंत्रता दिवस व रक्षाबंधन पर भी होगा विशेष पौधरोपण।**

**मिशन छाया' के जरिए सड़क के दोनों किनारों पर लगाए जाएंगे छायादार पौधे।**

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। प्रदेश की योगी सरकार ने सोनभद्र में हरियाली बढ़ाने के लिए युद्ध स्तर पर प्रयास कर रही है। इसके लिए सरकार ने जनसहभागिता सुनिश्चित करते हुए पौधरोपण महाअभियान की अभी हाल में ही शुरूआत भी की है। सरकार का प्रयास है कि अभियान के तहत रोपे गए पौधों को शत-प्रतिशत सुरक्षित रखा जाए और आम-जन को पौधरोपण के प्रति ज्यादा से ज्यादा जागरुक भी किया जाए। इसी कड़ी में जनपद में पौधरोपण अभियान को तीज-त्यौहारों व संस्कृति से जोड़ते हुए विभिन्न प्रकार के वनों की स्थापना के साथ ही विशिष्ट प्रकार के आयोजन भी किए जाएंगे। जिससे आमजन पौधरोपण के साथ-साथ उनकी सुरक्षा के लिए भी जागरुक हो सकें। वृक्षारोपण अभियान 2026 के तहत जिले में कुल 1,61,69,686 लाख पौधे रोपने का लक्ष्य रखा गया है। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने बताया कि 'पौधरोपण महाभियान- 2026' के तहत जिले में हरियाली का दायरा बढ़ाने के लिए मानसून में 5 वनों व 1 वाटिका की स्थापना वन विभाग व कई अन्य विभागों द्वारा की जाएगी। इनमें मुख्य रूप से 'महर्षि चरक औषधि वन' स्थापित किया जाएगा, जहां स्वास्थ्य के लिए लाभकारी जड़ी- बूटियों और औषधीय पौधों का रोपण होगा। इसके अलावा समरस वन, समृद्धि वन, कपि वन और ऊर्जा वन भी बनाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 15 अगस्त के अवसर पर वंदेमातरम वाटिका की स्थापना की जाएगी। जहां पर स्वतंत्रता सेनानियों के प्रिय पौधों का रोपण किया जाएगा। 28 अगस्त को रक्षाबंधन के पावन पर्व के अवसर पर भाई-बहन वृक्षारोपण अभियान के तहत जिले भर में भाई-बहनों द्वारा पौधरोपण सुनिश्चित किया जाएगा। इसके अलावा उद्यान विभाग की ओर से आम भंडारा का भी आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन के जरिए लोगों को फलदार पौधे रोपने के लिए जागरुक किया जाएगा। इसी तरह है वन विभाग द्वारा प्रत्येक विकास खंड में सहजन का भंडारा कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य सहजन के औषधीय गुणों से आमजन को रूबरू कराते हुए ज्यादा से ज्यादा पौधरोपण के लिए जागरुक करना है।

### पौधरोपण अभियान के प्रति जन-जागरूकता लाना है उद्देश्य

जिलाधिकारी ने बताया कि प्रदेश सरकार के निदेर्शानुसार इस वर्ष पौधरोपण को सीधे तौर पर जन-भावनाओं और हमारे प्रमुख त्योहारों से जोड़ा जा रहा है। नवीन विशिष्ट वन और मिशन छाया जैसे प्रयास पर्यावरण के प्रति लोगों में एक नई जागरूकता लाने के लिए हैं। वन विभाग की पूरी तैयारी है कि तय तिथियों पर आमजन, छात्र-छात्राओं और विभिन्न सामाजिक संस्थाओं की सक्रिय भागीदारी के साथ इन विशिष्ट वनों को सफलतापूर्वक स्थापित किया जाए, ताकि जिले में हरियाली का एक स्थायी और समृद्ध वातावरण तैयार हो सके।

# शराब का ठेका हटाने की मांग को लेकर महिलाओं का प्रदर्शन

**सड़क पर फेंकी शराब,पुलिस ने स्थिति को किया नियंत्रण में**

अमन लेखनी समाचार/हेमन्त यादव




ककरवई (गरौठा) ग्राम ककरवई में इमली तिराहे के पास संचालित देशी शराब के ठेके को हटाने की मांग को शनिवार को महिलाओं ने जमकर हंगामा किया। मुख्य सड़क पर संचालित शराब ठेके से परेशान सैकड़ों महिलाएं दुकान पर पहुंच गईं और विरोध प्रदर्शन करते हुए ठेका गांव से बाहर स्थानांतरित करने की मांग करने लगीं। प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने दुकान में रखी बड़ी मात्रा में शराब सड़क पर फेंक दी। सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी गरौठा पीयूष कुमार तथा थानाध्यक्ष ककरवई योगेंद्र सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और महिलाओं को समझाकर स्थिति को नियंत्रित किया। महिलाओं ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया कि शराब का ठेका मुख्य मार्ग पर स्थित है, जहां से उन्हें प्रतिदिन खेतों तक आना-जाना पड़ता है। ठेके के समीप पंचायत भवन और आंगनबाड़ी केंद्र भी संचालित हैं। उनका कहना है कि शराब पीने वाले लोगों की अभद्र हरकतों से महिलाओं एवं बच्चों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। ग्रामीण महिलाओं ने प्रशासन से मांग की है कि जनहित को देखते हुए देशी शराब के ठेके को गांव से बाहर अन्यत्र स्थानांतरित कराया जाए। पुलिस एवं प्रशासन द्वारा मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है इस मौके पर महिलाओं सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे।

# मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं को किया गया जागरूक



अमन लेखनी समाचार

महराजगंज जनपद में मिशन शक्ति फेज-5.0 के द्वितीय चरण के अंतर्गत थाना सोहगीबरवा की मिशन शक्ति टीम एवं एंटी रोमियो टीम द्वारा थाना क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर क्षेत्र में महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन एवं साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों तथा विभिन्न सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक कर उन्हें सशक्त बनाना रहा। इस दौरान टीम द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं को महिला हेल्पलाइन नम्बर-181, महिला पावर लाइन-1090, आपातकालीन सेवा-112, साइबर हेल्पलाइन-1930, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना, सखी वन स्टॉप सेंटर, पॉक्सो एक्ट एवं मिशन शक्ति अभियान से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां विस्तारपूर्वक प्रदान की गईं। साथ ही, बाल विवाह, दहेज प्रथा, घरेलू हिंसा एवं महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों जैसी सामाजिक कुरीतियों के प्रति जागरूक करते हुए उनसे सतर्क रहने हेतु प्रेरित किया गया।

अमन लेखनी
(हिन्दी दैनिक)

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. - 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com



## अल्फा का नया पोस्टर हुआ जारी, आलिया संग नजर आए शरवरी-बॉबी और अनिल

मुंबई। फिल्म 'अल्फा' का टीजर रिलीज होने के ठीक एक दिन बाद, आलिया भट्ट ने सोशल मीडिया पर इस फिल्म का एक नया पोस्टर शेयर किया है। इस नए पोस्टर में आलिया के अलावा शरवरी वाघ, बॉबी देओल और अनिल कपूर काफी दमदार लुक में नजर आ रहे हैं। इस फिल्म का निर्देशन शिव रावेल कर रहे हैं। बुधवार को फिल्म का पहला टीजर रिलीज किया गया था। टीजर की शुरुआत में आलिया भट्ट और बॉबी देओल एक साथ खाना खाते हुए दिखते हैं। बॉबी देओल, आलिया को उनके 18वें जन्मदिन की बधाई देते हैं और उन्हें एक कमरे का नंबर लिखा हुआ कार्ड देते हैं। बॉबी कहते हैं कि अब ट्रेनिंग को सच में आजमाने का समय आ गया है। इसके बाद फिल्म के कुछ शानदार एक्शन सीन दिखाए जाते हैं। टीजर से पता चलता है कि बॉबी देओल ने आलिया को एक खतरनाक एजेंट बनने के लिए कई साल तक ट्रेनिंग दी है।

लाइफ Style

## भूमि
## सशस्त्र बलों के प्रति जताया आभार

सिक्किम सीमा के दौरे के बाद बॉलीवुड अभिनेत्री भूमि पेडनेकर ने भारतीय सशस्त्र बलों के प्रति अपना गहरा आभार जताया है। इस दौरान भूमि ने सीमा का दौरा किया और साथ ही सैनिकों से बातचीत भी की। भूमि पेडनेकर सिक्किम की तीन दिवसीय यात्रा पर गई थीं। इस दौरान उन्होंने भारत की सीमा का दौरा किया और वहां तैनात सैनिकों से मुलाकात की।

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भूमि ने बताया कि वह खुद को हमेशा से एक सच्ची देशभक्त मानती हैं। सीमा पर जाकर उन्हें अहसास हुआ कि हमारे सैनिक देश के लिए कितना बड़ा बलिदान देते हैं। सैनिकों से बात करके वह खुद को उनका कर्जदार महसूस कर रही हैं। भूमि ने बताया कि सीमा पर बेहद ठंड थी, लेकिन वहां का नजारा बहुत खूबसूरत था। भूमि ने उस क्षेत्र के इतिहास को भी समझा और कहा कि देश की सुरक्षा के लिए किए जा रहे प्रयासों पर उन्हें बेहद गर्व है। उन्होंने कहा कि देश की रक्षा करने वाले सैनिकों के लिए हम आम नागरिक उतना योगदान नहीं दे पाते, जितना हमें देना चाहिए। भूमि ने साल 2015 में फिल्म 'दम लगाके हईशा' से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की, जिसमें उनके काम की जमकर तारीफ हुई। इसके बाद उन्होंने टॉयलेट एक प्रेम कथा, शुभ मंगल सावधान, बाला, पति पत्नी और वो, सांड की आंख, बधाई दो और भक्षक जैसी कई बेहतरीन फिल्मों और वेब सीरीज दलदल में काम किया है। अभिनय में आने से पहले भूमि ने यश राज फिल्म्स में लगभग छह साल तक सहायक कास्टिंग डायरेक्टर के रूप में काम किया था। भूमि को आखिरी बार क्राइम थ्रिलर वेब सीरीज दलदल में देखा गया था, जो 30 जनवरी, 2026 को अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई थी। इस साइकोलॉजिकल थ्रिलर सीरीज में भूमि ने मुंबई क्राइम ब्रांच की डीसीपी रीता फरेरा का मुख्य किरदार निभाया है।



हॉलीवुड मसाला



## ऑब्सेशन ने खर्च से 300 गुना से ज्यादा की कमाई

नई दिल्ली। हॉलीवुड में इन दिनों 'ऑब्सेशन' नामक ऐसा तूफान आया है, जिसकी चर्चा बड़े-बड़े फिल्म स्टूडियोज और सुपरस्टार्स के बीच हो रही है। दर्शकों के लिए भले ही यह मनोरंजन है मगर मात्र 6.3 करोड़ रुपए में बनी इस फिल्म ने रिलीज के महज चार सप्ताह में 1,900 करोड़ रुपए की वैश्विक कमाई कर ली है। टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल 2025 में जब 'ऑब्सेशन' को दिखाया गया था, तो किसी ने नहीं सोचा था कि यह इतिहास रच देगी। इस फिल्म ने अब तक के फिल्म फेस्टिवल इतिहास की सबसे बड़ी 'एक्विजिशन' ( फेस्टिवल के दौरान किसी बड़ी कंपनी द्वारा खरीदे जाने के बाद बंपर कमाई करने वाली फिल्म) बनने का गौरव हासिल कर लिया है। इस मामले में इसने दिग्गज डाक्युमेंट्री फिल्म 'फारेनहाइट 9/11' का सालों पुराना रिकार्ड तोड़ दिया है।



## टेलर होंगी सॉन्ग राइटर्स हॉल ऑफ फेम क्लब का हिस्सा

लॉस एंजिल्स। पॉप सिंगर टेलर स्विफ्ट के फैंस दुनियाभर में हैं। इस पॉप सिंगर ने हाल ही में एक बड़ी कामयाबी हासिल की है। गुरुवार को उन्हें प्रतिष्ठित 'सॉन्ग राइटर्स हॉल ऑफ फेम' में शामिल किया गया। इसके साथ ही सिंगर इस क्लब में शामिल होने वाली सबसे कम उम्र की महिला बन चुकी हैं। सिंगर टेलर स्विफ्ट ने महज 36 साल की उम्र में यह सफलता प्राप्त की है। मशहूर सिंगर और म्यूजिशियन के क्लब 'सॉन्ग राइटर्स हॉल ऑफ फेम' में उनकी एंट्री हो गई है। सबसे खास बात यह है कि वो इस क्लब की सबसे कम उम्र की मेंबर हैं। उन्होंने कैरोल बायर सिंगर का लंबे समय से चला आ रहा रिकॉर्ड तोड़ दिया है। 1987 में कैरोल हॉल ऑफ फेम का हिस्सा बनीं, उस वक्त उनकी उम्र 43 साल थीं। 'सॉन्गराइटर्स हॉल ऑफ फेम' में सिर्फ मशहूर गायकों और संगीतकारों को शामिल किया जाता है। 1983 में अमेरिकन सिंगर और म्यूजिशियन स्टीवी वंडर इस क्लब का हिस्सा बने थे। तब वह महज 32 साल के थे। क्लब के अब तक के इतिहास में वह सबसे कम उम्र के सेलिब्रिटी हैं। इस क्लब में शामिल होने के लिए हस्तियों की उम्र लगभग 50 साल या उससे ऊपर होनी चाहिए।



## नर्स बनकर कंगना के साहस ने जीता दिल

मुबई। कंगना रनौत की फिल्म भाग्य विधाता रिलीज हो गई है। इसमें कंगना ने एक नर्स का किरदार निभाया है। इसके अलावा फिल्म 26/11 हमले पर आधारित है। इस मुद्दे पर वैसे तो कई फिल्में बनी हैं, लेकिन डायरेक्टर मनोज तपाड़िया की फिल्म इसमें एक ऐसा एंगल लेकर आई हैं, जिसके बारे में कम लोग जानते हैं। फिल्म में दिखाया गया है कि जब आतंकवादी उस दौरान एक अस्पताल में घुस गए थे तब क्या हुआ था। इसमें कंगना का किरदार रियल लाइफ नर्स अंजलि कुल्ते पर आधारित है, जिनके साहस और उनके साथ जो नर्स थीं उनकी मदद से उन्होंने 400 लोगों की जिंदगी को बचाया था। कंगना ने अपना किरदार बखूबी निभाया है। उनकी परफॉर्मेंस इतनी क्लीन थी कि नर्स का मरीजों के साथ जो बॉन्ड दिखता है वो काफी साफ और इमोशनली कनेक्ट करता है।




## ग्राम चिकित्सालय सीजन 2 का ट्रेलर रिलीज

नई दिल्ली। 'ग्राम चिकित्सालय' सीजन 2 का ट्रेलर शुक्रवार को रिलीज किया जा चुका है। 'भठकंडी' नाम के एक काल्पनिक गांव पर बेस्ड यह सीरीज ह्यूमर के जरिए देश के गांवों में स्वास्थ्य सेवा की कड़वी सच्चाइयों को सामने लाने की कोशिश करती दिख रही है। इस ट्रेलर में अमोल पाराशर एक बार फिर डॉक्टर के किरदार में गांव के ढर्रों से जूझते दिख रहे हैं। वह चाहते हैं कि भठकंडी के हेल्थ सेंटर को किसी तरह से बचाया जा सके और इसी के साथ वो एक आदर्श पीएचसी का खिताब भी पाना चाहते हैं। डॉक्टर प्रभात गांववालों को चिकित्सालय बुलाने के लिए नई-नई तरकीब लगानेवाले हैं, लेकिन अब देखना ये है कि वे कितना सफल होते हैं। हालांकि, ये सब इतना आसान नहीं। इस ट्रेलर की शुरुआत डॉक्टर के सामने ऐसे पेशेंट से होती है, जिसे सुनकर शायद किसी को भी उल्टी आ जाए।

टीवी मसाला



## दिव्यांका ने दिखाई जुड़वां बेटों की झलक, कहा शुक्रिया

नई दिल्ली। टीवी एक्ट्रेस दिव्यांका त्रिपाठी ने आखिरकार अपने जुड़वां बेटों की पहली झलक शेयर की है और फैंस इन प्यारी तस्वीरों को बार-बार देख रहे हैं। एक्ट्रेस ने 25 मई को अपने पति विवेक दहिया के साथ अपने बेटों का स्वागत किया था। उन्होंने सोशल मीडिया पर प्यारी तस्वीरें पोस्ट करके अपने फॉलोअर्स को एक मां के तौर पर अपनी नई जिंदगी की एक प्यारी सी झलक दिखाई है। इन तस्वीरों में मां बनने के शुरुआती दिनों के कुछ सबसे खास पल कैद हैं। तस्वीरों में दिव्यांका त्रिपाठी अपने नवजात बेटों को गले लगाए और उन्हें प्यार से चूमती हुई नजर आ रही हैं। ये तस्वीरें उस खुशी और प्यार को दिखाती हैं जो जुड़वां बच्चों के आने के बाद से ही इस कपल के घर में भर गया है। तस्वीरों के साथ दिव्यांका ने एक सादा लेकिन दिल को छू लेने वाला मैसेज भी शेयर किया। उन्हें मां बनाने के लिए अपने बेटों का शुक्रिया अदा करते हुए उन्होंने लिखा, 'मुझे चुनने के लिए धन्यवाद'। उनके इस दिल से निकले मैसेज ने तुरंत ही फैंस का दिल जीत लिया और कई लोगों ने कमेंट सेक्शन में परिवार के लिए प्यार और दुआओं की बौछार कर दी। 'ये है मोहब्बतें' में इशिता भल्ला के किरदार से घर-घर में मशहूर हुईं इस एक्ट्रेस को फैंस अक्सर प्यार से 'इशी मां' कहकर बुलाते हैं। अब वह असल जिंदगी में भी मां बन गई हैं, और उनके कई फॉलोअर्स उन्हें इस नए रोल में देखकर बहुत खुश हैं।

## 'टीवी शो और फिल्मों में आए थे नजर'

नई दिल्ली। 90 के दशक में कई चर्चित हिंदी फिल्मों और टीवी शोज में अभिनेता दिनयार तीरंदाज नजर आए थे। यह कलाकार अब हमारे बीच नहीं हैं। इनके निधन की खबर से फिल्म जगत के कलाकारों और प्रशसंकों के बीच शोक लहर दौड़ पड़ी है। इस दिग्गज अभिनेता के निधन की जानकारी पारसी जोरोस्ट्रियन फेसबुक पेज के जरिए साझा की गई है। दिनयार तीरंदाज कई दशकों तक मनोरंजन जगत में सक्रिय रहे। उन्होंने 1984 में रिलीज हुई फिल्म दुनिया से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की थी।



नुक्कड़ और ब्योमकेश बख्शी जैसे हिट टेलीविजन शो में काम किया था। टेलीविजन के अलावा यह दिग्गज अभिनेता कई बॉलीवुड फिल्मों में दिखाई दिए। हैलो ब्रदर, अलबेला, चलते-चलते, मैंने प्यार क्यों किया, क्या कहना, दिल है के मानता नहीं और कमाल धमाल मालामाल जैसी फिल्मों में दिनयार तीरंदाज ने अभिनय किया था।

## 50 साल बाद चितचोर के कलाकारों का मिलन

नई दिल्ली। साल 1976 में आई फिल्म 'चितचोर' ने दर्शकों को काफी ज्यादा प्रभावित किया था। इसके लगभग पांच दशक बाद अब इस फिल्म के एक्टर्स जरीना वहाब और मास्टर राजू फिर से साथ देखकर फैंस की खुसी का ठिकाना नहीं है। जरीना वहाब ने सोशल मीडिया पर एक तस्वीर शेयर की है जोकि फैंस को काफी ज्यादा आकर्षित कर रही है। तस्वीर में वह मास्टर राजू के साथ मुस्कुराते हुए पोज देती दिख रही हैं। तस्वीर सामने आते ही फैंस को फिर से चर्चित फिल्म 'चितचोर' की याद आ गई। वहाब के प्यार भरे सोशल मीडिया पोस्ट से फैंस को दिखा दिया कि कुछ ऑन-स्क्रीन रिश्ते फिल्म खत्म होने के बाद भी बने रहते हैं।



### क्या है चितचोर की कहानी?

चितचोर का निर्देशन बासु चटर्जी ने किया था। यह सुबोध घोष की बंगाली कहानी चित्तचोर पर आधारित थी। फिल्म में विजयेंद्र घाटगे, अमोल पालेकर, ए.के. हंगल, दीना पाठक, रितु कमल, शैल चतुर्वेदी और सी.एस. दुबे जैसे कलाकार शामिल थे। फिल्म की कहानी एक पिता पर केंद्रित है, जो गलती से गलत दूल्हे को घर ले आता है। इसी दौरान लड़की और उस युवक के बीच प्यार पनपने लगता है। बाद में एक पत्र आने के बाद कहानी में बड़ा मोड़ आता है और कई भावनात्मक घटनाएं सामने आती हैं। मास्टर राजू का असली नाम राजू श्रेष्ठ है। उन्होंने बहुत छोटी उम्र में फिल्मों में काम करना शुरू कर दिया था। अमर प्रेम, बावर्ची, परिचय, दाग, अभिमान, दीवार, चितचोर, किताब और खट्टा मीठा उनकी कुछ यादगार फिल्में हैं।

## इस हफ्ते बॉक्स ऑफिस पर होगा बड़ा क्लैश आमने-सामने होंगे बॉबी और सामंथा

नई दिल्ली। जून के तीसरे हफ्ते कई शानदार फिल्में रिलीज होने वाली हैं। इसमें आपको एक्शन से लेकर रोमांस, थ्रिल और कॉमेडी का पूरा डोज मिलेगा। इस लिस्ट में कुछ फिल्में ऐसी हैं, जिनका फैंस महीनों से बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। साउथ फिल्मों के चाहने वालों के लिए ये हफ्ता बेहद खास होने वाला है। एक तरफ जहां इस हफ्ते सिनेमाघरों में एक से बढ़कर एक फिल्मों की बाढ़ आई है। वहीं, दूसरी तरफ साउथ की फिल्में इस हफ्ते बवाल काटने के लिए तैयार है। जून के तीसरे हफ्ते कई शानदार फिल्में रिलीज होने वाली हैं। इसमें आपको एक्शन से लेकर रोमांस, थ्रिल और कॉमेडी का पूरा डोज मिलेगा। इस लिस्ट में कुछ फिल्में ऐसी हैं, जिनका फैंस महीनो से बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। तो चलिए बताते हैं कौन-कौन सी फिल्में रिलीज होने वाली हैं।



### बालनः द बॉय

बालनः द बॉय एक ऐसे लड़के की कहानी है जो उथल-पुथल भरे बचपन से जूझ रहा है और अपनी मां के रहस्यमय ढंग से लापता होने के बाद समाधान की तलाश में बेताब है। कलाकार- चंदू सलीम कुमार, गणपति, टोविनो थॉमस, निर्देशक चिदंबरम, शैली किशोरावस्था से वयस्कता में परिवर्तन की कहानी, भाषा मलयालम, रिलीज की तारीखः 19 जून।

### मां इंटी बंगारम

मां इंटी बंगारम एक ऐसी महिला की कहानी है, जो दो साल बाद अपने पति के परिवार से मिलने जाती है, बिना उनका आशीर्वाद लिए। एक आदर्श गृहिणी बनने की कोशिश में उसका अतीत उसके दरवाजे पर दस्तक देता है। फिर जो होता है वो इस फिल्म को और भी दिलचस्प बनाता है। कलाकार-सामंथा रुथ प्रभु , गुलशन देवैया, दिगंत मनचले, गौतमी तडिमल्ला, श्रीमुखी, मंजूषा, श्रीनिवास गविरेड्डी, निर्देशक बी.वी. नंदिनी रेड्डी, शैली एक्शन कॉमेडी, भाषा तेलुगु, रिलीज की तारीखः 19 जून।

### जना नायकन

जून में थलपति विजय की धमाकेदार फिल्म 'जना नायकन' को लेकर दर्शकोंके बीच काफी क्रेज बना हुआ है। ये फिल्म विजय के 52वे जन्मदिन के सप्ताह में सिनेमाघरों में रिलीज होने की उम्मीद है। हालांकि, इसे लेकर ऑफिशियल ऐलान नहीं किया गया है लेकिन ये टिकट बुकिंग ऐप्स पर नोटिफाई हो चुकी है। कहानी थलपति वेत्री कोंडन के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपनी दत्तक पुत्री विजी को एक सशक्त और साहसी सेना अधिकारी बनाना चाहते हैं।

### जिंदगी तो बेवफा है, एक दिन ठुकराएगी... आज भी सुनकर रो पड़ते हैं लोग

## रफी ने अमिताभ के मरने वाले सीन पर फ्री में गाई थीं सिर्फ ये 4 लाइनें

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अमिताभ बच्चन की फिल्म का एक गाना ऐसा है, जिसमें मोहम्मद रफी ने सिर्फ चार लाइन गई थीं। वो भी एक फूटी कौड़ी लिए। इस गाने को सुनकर आज भी लोग रो पड़ते हैं। आज भी इस गाने को बेहद पसंद किया जाता है। बॉलीवुड के लेजेंड्री सिंगर मोहम्मद रफी की आवाज का जादू आज भी लोगों के सिर पर चढ़कर बोलता है। उनके गानों को हर उम्र के लोग सुनना पसंद करते हैं। मौका कोई भी दर्द का खुशी का या फिर रोमांस का रफी के गाने हर मूड के लिए परफेक्ट हैं। लेकिन, अमिताभ बच्चन की फिल्म का एक गाना ऐसा है, जिसमें मोहम्मद रफी ने सिर्फ चार लाइन गईं थीं। वो भी एक फूटी कौड़ी लिए। इस गाने को सुनकर आज भी लोग रो पड़ते हैं।



### क्लाइमेक्स सीन ने हर, किसी को रुला दिया था

इस पर मोहम्मद रफी ने आनंद जी बात रखी और चार लाइनें गाने के लिए तैयार हो गए। ये गाना था 'जिंदगी तो बेवफा है, एक दिन ठुकराएगी / मौत महबूबा है, अपने साथ लेकर जाएगी...'। इस लाइन को गाने के लिए रफी ने कल्याणजी-आनंदजी ने एक पैसा नहीं लिया और अपने बिजी शेड्यूल के बावजूद इसे फ्री में गाया। रफी की इस बात कल्याणजी-आनंदजी ऐसे कायल हुए कि कहा ये सिर्फ वो ही कर सकते हैं। इस गाने ने रिलीज के बाद हर किसी को रुला दिया और आज भी इसे सुनकर आंखें भर आती हैं।

### 1978 में रिलीज हुई थी 'मुकद्दर का सिकंदर'

हम बात कर रहे हैं अमिताभ बच्चन की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'मुकद्दर का सिकंदर' की जो साल 1978 में रिलीज हुई थी। 'मुकद्दर का सिकंदर' अमिताभ के कॅरियर की सफल फिल्मों में गिनी जाती है। इस फिल्म में का म्यूजिक कल्याणजी-आनंदजी ने तैयार किया था। वहीं, इसके निर्देशक प्रकाश मेहरा का मानना था। इसके गीत अनजान ने लिखे। इस फिल्म के सारे गाने किशोर कुमार ने गाए थे। इस मूवी के क्लाइमेक्स सीन ने हर किसी को रुला दिया था। क्लाइमेक्स को और भी असरदार बनाने में रफी का बहुत बड़ा रोल था।

### आनंदजी चाहते थे रफी गाएं

दरअसल, हम पहले ही बता चुके हैं कि 'मुकद्दर का सिकंदर' के सारे गानों को किशोर कुमार ने गाया। इसमें फिल्म का टाइटल ट्रैक 'वो मुकद्दर का सिकंदर', 'ओ साथी रे' शामिल है। इस फिल्म के क्लाइमेक्स सीन, जिसमें अमिताभ बच्चन की मौत होती है, उसके लिए कल्याणजी-आनंदजी को सिर्फ चार लाइने चाहिए थे, जिसे वो किशोर कुमार से नहीं बल्कि, मोहम्मद रफी गाएं। आनंदजी जो दर्द चाहते थे इस गाने में उन्हें यकीन था के सिर्फ रफी ही दे सकते हैं।

### किशोर से क्यों नहीं गवा लेते

कल्याणजी-आनंदजी को लेकिन ये बात खाए जा रही थी कि वो मोहम्मद रफी से सिर्फ चार लाइन गाने के लिए कैसे कहें। क्योंकि, उनकी फिल्म के सारे गाने किशोर कुमार गा रहे थे। हुआ भी कुछ ऐसा ही। हिम्मत करके आनंदजी ने रफी को कॉल करके अपनी बात बताई कि वो चाहते हैं कि आप उनकी फिल्म के लिए सिर्फ चार लाइनें गा दें। रफी ने कहा कि क्यों, किशोर से क्यों नहीं गवा लेते, वो तो सारे गाने गा रहे हैं। इस पर आनंद जी ने कहा कि नहीं, जो दर्द और फील हम उस लाइन में चाहते है वो आप ही दे सकते हैं।